## शहर >> अपडेट

### बाबूलाल मरांडी का सपना, सपना ही रह जाएगा

रांची: राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बयान पर कड़ा प्रहार बोला है। बाबूलाल मरांडी ने मीडिया में बयान देते हुए कहा था कि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो मिनी एनआरसी लागू करेंगे। इस पर राज्यसभा सांसद ने कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि बाबूलाल मरांडी का सपना, सपना ही रह जाएगा। हम झारखंड में दोबारा सरकार बनाएंगे। सपना देखने से हम किसी को रोक नहीं सकते। सपने देखने का अधिकार सभी को है।राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि बाबूलाल मरांडी का यह बयान बेहद हास्यास्पद है। वह झारखंड में सरकार बनाने का सपना देख रहे हैं। सपना देखने का अधिकार सभी को है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भाजपा चुनाव जीतती है, तो झारखंड में मिनी एनआरसी लागू किया जाएगा।

**बैठक** हेमन्त सोरेन ने जुडको के पदाधिकारियों के साथ बैठक की

# रांची वासियों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सड़कें मुहैया कराना प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

▶▶ जुडको ठोस और बेहतर कार्य योजना बनाकर विकास कार्यो को गति दे: हेमन्त

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** हेमन्त सोरेन ने आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड अर्बन इन्फ्राट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लि० (जुडको) के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जुडको के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तावित जोनल ब्यूटीफिकेशन एंड रीडेवलपमेंट ऑफ एक्जिस्टिंग स्ट्रीट एंड रिलेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर फ्रॉम अल्बर्ट एक्का चौक टू कचहरी चौक एंड सराउंडिंग एरियाज इन रांची' के मास्टर प्लान का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन रखा। जुडको द्वारा प्रस्तावित इस कार्य योजना के तहत रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से कचहरी चौक और आसपास के क्षेत्र में मौजूदा सड़क और बुनियादी ढांचे का सौंदर्यकरण तथा पुनर्विकास कार्यों से संबंधित मास्टर प्लान तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कार्य योजना के मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी ली, मास्टर प्लान के प्रत्येक पहलुओं को गहराई से समझा तथा अपनी ओर से कई आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मास्टर प्लान के तहत उक्त क्षेत्रों में मुख्य रूप से वेंडिंग जोन के साथ तीन मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण, ग्रीन एरिया का विस्तारीकरण, विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण कार्य तथा कचहरी चौक से जेल चौक तक अंडर बाईपास रोड का निर्माण सहित विभिन्न बुनियादी ढांचों के सौंदर्यकरण सहित अन्य कार्य किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव-सह-नगर विकास सचिव श्री विनय कुमार चौबे, प्रोजेक्ट डायरेक्टर टेक्निकल, जुडको श्री गोपाल जी, प्रोजेक्ट मैनेजर श्री प्रत्यूष चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने जुडको के अधिकारियों से कहा कि हमारी सरकार रांची वासियों को सुरक्षित, सुगम और गुणवत्तापूर्ण सड़कें मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। रांची के कई महत्वपूर्ण सड़कों पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य प्रगति पर है। शहर के बुनियादी ढांचे को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुडको आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रांची शहर के बुनियादी ढांचों के विकास हेतु ठोस और बेहतर कार्य योजना बनाकर ससमय योजनाओं को पूरा करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्बर्ट एक्का चौक से कचहरी चौक तथा रातू रोड चौक से कचहरी होते हुए जेल चौक तक सड़कों का चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाना अत्यंत आवश्यक है। रांची के इन प्रमुख सड़कों में ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। प्रत्येक दिन जाम की स्थिति बनती है।

## नार्वे के राजदूत हंस जैकब फ्राईडेनलुंड ने दुमका के घासीपुर गाँव का किया दौरा

रांची: नार्वे के राजदूत हाई एक्सीलेंसी मिस्टर हंस जैकब फ्राईडेनलुंड ने उपायुक्त, दुमका के साथ सदर प्रखण्ड अन्तर्गत घासीपुर गांव का दौरा किया। इस मौके पर सदर बीडीओ द्वारा पौधा देकर तथा महिला समूह के द्वारा पारम्परिक तरीके वाली लौटा पानी नृत्य द्वारा स्वागत किया गया। सर्वप्रथम हाई एक्सीलेंसी मिस्टर हंस जैकब द्वारा घासीपुर के मोहली टोला स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान केन्द्र में पढ़ रहे बच्चों के साथ उन्होंने बातचीत की तो वहीं कुछ बच्चों को पोषाहार भी उनके द्वारा दिया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषण वाटिका में हाई एक्सीलेंसी मिस्टर हंस जैकब फ्राईडेनलुंड द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## पेज एक का शेष

### एक महीने तक .. ...

करेंगे। उस दिन या 31 मई को एक जनसभा आयोजित की जाएगी। 23 जून को जनसंघ के संस्थापक श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मोदी फिर वर्चुअल मीडिया के जरिए बोलेंगे। उस दिन बूथ स्तर पर प्रसारण निर्णय लिए जाते हैं। उस दिन मोदी न सिर्फ बोलेंगे बल्कि सुनेंगे भी। मोदी के वर्चुअल संदेश कार्यक्रम से दो दिन पहले 21 जून को भाजपा भी पार्टी के तौर पर विश्व योग दिवस मनाएगी। एक माह के कार्यक्रम को दो भागों में बांटा जाएगा। शुरूआत में जनसंपर्क कार्यक्रम। इसके लिए प्रमुख खेल हस्तियों, कलाकारों, उद्योगपतियों, शहीदों के परिवारों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों की सूची तैयार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया है। केंद्रीय भाजपा 22 जून तक हर राज्य में बड़ी रैलियां करेगी। कुल 51 जनसभाएं होंगी। हालांकि, राज्य में जनसभा कब और कहां की जा सकती है, यह अभी तय नहीं हुआ है। हालांकि भाजपाराज्य में कुल 100 जनसभाएं करेगी। इसमें प्रदेश अध्यक्ष, विपक्षी दल के नेता और सांसद व विधायक अहम भूमिका निभाएंगे। केंद्रीय मंत्री और नेता भी रहेंगे। पश्चिम बंगाल भाजपा के भीतर पुराने और नए संघर्ष जगजाहिर हैं। मोदी ने नौ साल की सालगिरह कार्यक्रम के माध्यम से विवाद को हल करने की भी योजना बनाई है। यह निर्णय लिया गया है कि वर्तमान नेता विधानसभा स्तर पर पार्टी के पुराने और वरिष्ठ नेताओं के साथ एक सम्मेलन करेंगे। उन्हें सुनें। अंत में साथ में खाने-पीने को कहा गया है। इसके अलावा सभी शाखा संगठनों के साथ पार्टी का संयुक्त सम्मेलन और केंद्रीय योजना के लाभार्थियों के साथ विधानसभा स्तर पर उपभोक्ता सम्मेलन की भी योजना है। आखिरी चरण में 20 से 30 जून तक घरेलू अभियान होगा। उस समय सभी स्तरों के नेता घर-घर जाकर आम मतदाताओं से बात करेंगे। दूसरी तरफ असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अगुवाई में यह कार्यक्रम होगा। वैसे चर्चा है कि उनकी देखरेख में पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते हैं।

### संसद भवन के उदघाटन .. ..

आरोप लगाते हुए कहा मोदी सरकार ने बार-बार अधिकारों की इस मर्यादा का उल्लंघन किया है। ऐसा लगता है कि भाजपा-आरएसएस सरकार में राष्ट्रपति कार्यालय महज़ एक प्रतीकवाद तक सिमट कर गया है।

इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सबसे पहले यह मुद्दा उठाया था और संवैधानिक शीर्ष पर बैठी द्रोपदी मुर्मू से इस भवन का उदघाटन नहीं कराने पर आपत्ति जतायी थी। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा ने भी पीएम के इस प्रतिष्ठित सदन का उद्घाटन करने के फैसले की निंदा की है। पीएम के लिए संसद के नए भवन का उद्घाटन करना संवैधानिक रूप से सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो इतनी अधिक रकम खर्च कर इसे बनाने की ही आवश्यकता नहीं थी। अमेरकि और ब्रिटिश संसद सैकड़ों वर्षो से एक ही स्थान पर चल रहे हैं।

### ममता बनर्जी से विपक्षी .. ..

ठाकरे से भी मिलने का कार्यक्रम है। समझा जाता है कि दिल्ली के इस अध्यादेश के जरिए ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के समक्ष एक कठिन चुनौती पेश करना चाहते हैं। अगर राज्यसभा में सभी गैर भाजपा दल दिल्ली के इस अध्यादेश को राज्यसभा में रोक देते हैं तो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जो राजनीतिक संदेश जाएगा, वह भाजपा को परेशान करने वाला साबित होगा। इसके जरिए नीतीश कुमार उन तमाम दलों को एकजुट करना चाहते हैं, जो दरअसल कांग्रेस से दूरी बनाकर चलते हैं लेकिन भाजपा के विरोध में हैं।

### सामान्य इंसान के .. .. ..

कि इस किस्म की बारिक जांच के दौरान इंसान से गलतियां हो जाती है। कंप्यूटर आधारित आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस के लिए ऐसी गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं है। इसके अलावा किसी भी इंसान के मुकाबले वह अधिक समय तक सक्रिय और सटिक तौर पर काम कर सकता है। विभिन्न अस्पतालों की गहन देखभाल इकाइयों से व्यापक डेटा की मदद से, एक कृत्रिम बुद्धि विकसित की गई जो सेप्सिस के कारण गहन देखभाल की आवश्यकता वाले लोगों के इलाज के लिए सुझाव प्रदान करती है। विश्लेषण बताते हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहले से ही मानवीय निर्णयों की गुणवत्ता को पार कर गई है। हालाँकि, अब ऐसे तरीकों के कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा करना महत्वपूर्ण है। एक गहन देखभाल इकाई में चौबीसों घंटे बहुत सारे अलग-अलग डेटा एकत्र किए जाते हैं। चिकित्सकीय रूप से मरीजों की लगातार निगरानी की जाती है।

वियना के मेडिकल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ओलिवर किम्बर्गर कहते हैं सेप्सिस गहन देखभाल चिकित्सा में मृत्यु के सबसे आम कारणों में से एक है और डॉक्टरों और अस्पतालों के लिए एक बड़ी चुनौती है। शुरूआती पहचान और उपचार रोगी के जीवित रहने के लिए महत्वपूर्ण है। यह जांचना विशेष रूप से दिलचस्प है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यहां चिकित्सा देखभाल को बेहतर बनाने में किस हद तक योगदान दे सकती है। मशीन लर्निंग मॉडल और अन्य एआई तकनीकों का उपयोग सेप्सिस के निदान और उपचार में सुधार करने का एक अवसर है, अंततः रोगी के जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है।

विश्लेषण से पता चलता है कि एआई क्षमताएं पूरी तरह से मानवीय निर्णयों की तुलना में एआई रणनीति के साथ इलाज की दर अब अधिक है। बेशक, इसका मतलब यह नहीं है कि एक गहन देखभाल इकाई में चिकित्सा निर्णय अकेले कंप्यूटर पर छोड़ देना चाहिए। लेकिन कृत्रिम बुद्धि बेडसाइड पर एक अतिरिक्त उपकरण के रूप में चल सकती है और चिकित्सा कर्मचारी इससे परामर्श कर सकते हैं और कृत्रिम बुद्धि के सुझावों के साथ अपने स्वयं के मूल्यांकन की तुलना कर सकते हैं। ऐसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा में भी अत्यधिक उपयोगी हो सकती है।

### चार राज्यों के नेताओं को .. ..

उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच संघर्ष ने कांग्रेस को चिंता में डाल रखा है। हाल ही में, सचिन ने गहलोत सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाकर एक सार्वजनिक विरोध यात्रा शुरू की है। मध्य प्रदेश में भी पार्टी के भीतर खींचतान चल रही है। 2018 में राज्य की सत्ता में आने के बावजूद ज्योतिरादित्य सिंधिया की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से अनबन के चलते मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिर गई थी। ज्योतिरादित्य 22 वफादार विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। लेकिन कांग्रेस खेमे को उम्मीद है कि चूंकि भोपाल सीट पर दो दशक से भाजपा का कब्जा है, इसलिए सत्ता विरोधी वोट उनके पक्ष में जा सकते हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ में जाहिर तौर पर कोई बड़ा संकट नहीं है, लेकिन पंजाब छाप की चुनावी तैयारियों में आलाकमान कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता है। तेलंगाना में चंद्रशेखर राव की बीआरएस और असदुद्दीन वैसी की पार्टी में भी वोटों की लड़ाई है। आंध्र प्रदेश से अलग होने के बाद कांग्रेस पहली बार तेलंगाना में अच्छे नतीजों की उम्मीद कर रही है। कांग्रेस खेमे के एक वर्ग को लगता है कि कर्नाटक में डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच मीठे रिश्ते के बावजूद पार्टी ने इसे अच्छी तरह से संभाला है। इसलिए कांग्रेस कर्नाटक को आगे रखते हुए बाकी चुनावी राज्यों की तैयारी कर रही है।

## शिबू सोरेन लोकपाल मामला में दिल्ली एचसी में 12 जुलाई को अंतिम सुनवाई

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में अंतिम सुनवाई के लिए 12 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने डीए (आय से अधिक संपत्ति ) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस प्रतिभा एम सिंह की अदालत में शिबू सोरेन की याचिका पर सुनवाई हुई। शिबू सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल पक्ष रख रहे हैं।

न्यूज पोर्टलों के सत्यापन में राज्य सरकार

## बाबूलाल मरांडी ने बताया तुगलकी फरमान

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** राज्य सरकार की ओर से मीडिया संस्थानों खासकर न्यूज पोर्टलों के वेरिफिकेशन की तैयारी है। इस पर पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने नाराजगी जाहिर करते इसे तुगलकी फरमान बताया है। सोशल मीडिया के जरिये अपनी भड़ास उतारी है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री का आदिवासी हितैषी होने का मुखौटा अब उतर चुका है। सरकार का पूरा ‟प्रोपोगंडा सिस्टम" धवस्त हो चुका है। जमीन दलाली, बेरोजगारी, अवैध खनन आदि ऐसे मुद्दे हैं जो कि आज झारखंड के गाँव गाँव तक पहुँच चुके हैं। ये सब मुमकिन हुआ है झारखंड के मीडिया बंधु और युवाओं के प्रयास से।झारखंड के लाखों युवा छोटे- छोटे समूह बना कर फेसबुक, यू ट्यूब, व्हाट्स ऐप, आदि पर अपनी पीड़ा बयान कर रहे हैं। सरकार की पोल खोल रहे हैं। ये एक तरह से मेन स्ट्रीम मीडिया के पैरेलल ‟ग्राउंड लेवल की रिपोर्टिंग" कर रहे हैं। पर एक युवराज को यह स्वीकार नहीं हुआ कि कैसे आम आदमी भी उसके खिलाफ लिख-बोल रहे हैं। बाबूलाल के अनुसार सरकार ने एक तुगलकी फरमान जारी कर दिया कि तमाम ऐसे न्यूज पोर्टल का सत्यापन हो। अब इस सरकार का समय पूरा हो चुका है। फिर चाहे आप आलोचकों के खिलाफ फजी केस कीजिए, सत्यापन के नाम पर परेशान कीजिए या लाठी चार्ज कीजिए।

## संथाल परगना में घुसपैठ नहीं है तो यहां एनआरसी लागू करने का सवाल ही नहीं उठता:इरफान अंसारी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** विधायक इरफान अंसारी ने कहा है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से उनका कोई लेना देना नहीं है। उनको मतलब है तो चीन से जो हमारे देश की जमीन को अतिक्रमण कर रहा है केंद्र सरकार कुछ नहीं कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि संथाल परगना में घुसपैठ नहीं है तो यहां एनआरसी लागू करने का सवाल ही नहीं उठता है।जामताड़ा में विधायक इरफान अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे पर निशाना साधा। उनके द्वारा महागामा को मिनी पाकिस्तान बताने वाले बयान पर हो रही टिप्पणी पर विधायक ने पलटवार किया है। इरफान अंसारी ने कहा कि बांग्लादेश पाकिस्तान से उनका कोई लेना देना नहीं है। उनको मतलब है तो चाइना से जो हमारे देश की जमीन को अतिक्रमण कर रहा है और केंद्र सरकार कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर कोई बयान क्यों नहीं देता।विधायक इरफान अंसारी ने भाजपा पर धर्म, जाति के नाम पर हिंदू-मुस्लिम करके लोगों में दरार पैदा करने और लड़ाई लगवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा जब भी कुछ बात सामने आती है तो उसे लेकर भाजपा द्वारा प्रोपेगेंडा फैलाया जाता है, डिबेट कराया जाता है। मीडिया में सारी बात आती है लेकिन चाइना देश की जमीन अतिक्रमण करता है, उसके बारे में कोई आवाज नहीं आती है। उन्होंने कहा कि भाजपा साजिश के तहत पाकिस्तान को लेकर लोगों की भावनाओं के साथ खेलना चाहती है ताकि हिंदू और मुस्लिम का वोट बैंक लेकर वो सत्ता में बने रहे लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है।विधायक इरफान अंसारी ने कहा संथाल परगना में घुसपैठ नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड में एनआरसी लागू करने का जो सपना देख रहे हैं तो वो पूरा नहीं होगा क्योंकि 25 साल तक झारखंड में भाजपा की सरकार आने वाली नहीं है। ऐसे में एनआरसी की बात क्यों करें, झारखंड में एनआरसी लागू होगा ही नहीं।इन दिनों झारखंड की सियासत में खासकर संथाल परगना में विधायक इरफान अंसारी द्वारा गोड्डा लोकसभा के महागामा क्षेत्र को मिनी पाकिस्तान बताने वाले बयान को लेकर राजनीति गर्म है। जिसे लेकर भाजपा के नेताओं और इरफान अंसारी में जुबानी जंग तेज हो गई है।

## राहुल गांधी के वकील ने सुनवाई के लिए कोर्ट से मांगा समय



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**मोदी सरनेम पर कथित टिप्पणी से जुड़े मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट मे सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और अपनी संसदीय गवा चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट से सुनवाई के लिए समय मांगा है। प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट को बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा सशरीर हाजिर होने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद राहुल गांधी को 22 मई को रांची सिविल कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया गया था।बता दें कि रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया है। जिसपर रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल गांधी ने सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर) की धारा 205 के तहत सशरीर पेशी से छूट मांगी थी। राहुल गांधी की सशरीर उपस्थिति से छूट की याचिका खारिज कर चुकी है।

**तैयारी** विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर दिए निर्देश

## देवघर में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर एडीजी ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के 24 मई को देवघर आगमन की तैयारियों को लेकर एडीजी संजय आनंद लाटकर, खाद्य आपूर्ति विभाग सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव अमिताभ कौशल व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन देवघर परिसदन के सभागार में किया गया. बैठक में कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा के अलावा सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था को लेकर संबंधित वरीय अधिकारियों व वरीय पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया. इसके साथ ही अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के अलावा यातायात व्यवस्था, मेडिकल टीम, विद्युत, पेयजल, अग्निशमन, साफ-सफाई से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गयी. बैठक में जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्थ के अलावा की जा रही विभिन्न तैयारियों की वस्तुस्थिति से अवगत कराया.बैठक के बाद एडीजी संजय आनंद लाटकर ने सचिव अमिताभ कौशल व सचिव मनीष रंजन के अलावा डीसी मंजूनाथ भजंत्री, एसपी सुभाष चंद्र जाट के साथ बाबा बैद्यनाथ मंदिर का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा आवश्यक अन्य सभी तैयारियों का भी जायजा लिया. निरीक्षण के क्रम में विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित वरीय अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया.इस दौरान उपरोक्त के अलावे पुलिस उपमहानिरीक्षक संथाल परगना प्रमंडल श्री सुदर्शन मंडल, पुलिस अधीक्षक श्री सुभाष चन्द्र जाट, उप विकास आयुक्त डॉ0 कुमार ताराचन्द, नगर आयुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार लाल, अपर समाहर्ता श्री चन्द्र भूषण प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सह मंदिर प्रभारी बाबा मंदिर श्री दीपांकर चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस श्री अनिमेष रंजन, सिविल सर्जन डॉ0 युगल किशोर चौधरी, प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी, जिला नजारत उपसमाहर्ता श्री परमेश्वर मुण्डा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री विवेक मेहता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री रणवीर सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री उदय रजक, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### छुट्टी में 50 फीसदी की कटौती वापस किया जाय

रांची: अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश सचिव ओम वर्मा ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपति से मांग किया है कि छुट्टी में कटौती वापस किया जाय। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिले में बढ़ती गर्मी और लू, तापमान 40 के पार को देखते हुए छुट्टी में की गयी कटौती का निर्णय वापस लिया जाय। राज्य में भारी गर्मी के कारण छात्र छात्राओं को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पानी की भारी कमी के कारण हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को पानी, बिजली की भारी कमी से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**करिश्मा** नवजात इस समय डॉक्टर की निगरानी में

# रिम्स में महिला ने 5 बच्चों को दिया जन्म

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कुदरत का करिश्मा भी अजीब है। आये दिन नये-नये मामले देखने को मिलते हैं। रिम्स में भी ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है। जहां चतरा जिला के ईटखोरी स्थित मलकपुर गांव की रहने वाली अनिता कुमारी ने एक साथ पांच बच्चों को जन्म दिया है। ये सुनकर घरवाले भी चकित रह गये। साथ ही जो भी ये सुन रहा है, महिला और बच्चों से मिलने चाहता है। हालांकि नवजात इस समय डॉक्टर की निगरानी में हैं। क्योंकि सभी लगभग एक किलो के हैं।सभी नवजात को नियोनेटोलॉजी विभाग में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि वजन कम है, बच्चे बहुत प्री मैच्योर हैं। इनका जन्म 26-27 हफ्ते में ही हो गया है। ऐसे में अभी उनकी स्थिति के बारे में सही से नहीं बताया जा सकता है। बच्चों की सही से देखभाल की जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार, अभी वर्तमान में एक महीने कम से कम बच्चों को बहुत ज्यादा देखभाल की जरुरत है। चिकिसत्सकों ने बताया कि हम कोशिश कर रहे हैं कि सभी बच्चों को स्वस्थ कर दिया जाए। वहीं उन्होंने बताया कि इन बच्चों के मां की स्थिति ठीक है।बता दें कि एक महीने पहले ही रिम्स में एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया था। उनके सभी बच्चे स्वस्थ हो गये थे, जिसके बाद उन्हें घर ले जाया गया था।

## न्यूज फटाफट

### चार दिनों तक धूप-छांव से दोपहर बाद गर्मी से राहत के आसार



**रांची:** रांची समेत पूरे झारखंड में गर्मी का सितम जारी है। तेज धूप और लू चलने से लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसा, राज्य में चार दिनों तक आसमान में बादलों का आना जाना लगा रहेगा। धूप- छांव जैसा मौसम बना रहेगा। राज्य के उत्तर पूर्वी जिलों के अलावा मध्य हिस्से यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो और खूंटी जिले में आंशिक बादल छाए रहने से दोपहर बाद राहत मिलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार गर्मी ने लोगों को बहुत सताया है। तेज धूप और लू के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई है। आनेवाले हफ्ते में झारखंड समेत कई राज्यों में गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, राज्य में आने वाले हफ्ते में हीट वेव का असर कम देखने को मिलेगा। इस साल केरल में मानसून 4 जून तक आने की संभावना है। ऐसा होने पर झारखंड में मानसून 12 जून तक आ सकता है। रांची में 15 जून तक मानसून की बारिश की उम्मीद है। बताया कि हर साल कोल्हान व संथाल से मानसून झारखंड में प्रवेश करता है। बताया कि वर्ष 2022 में मानसून 12 जून को आया था, जबकि 2021 में 18 जून को आया था। मौसम वैज्ञानिक ने कहा, मानसून को लेकर किसानों को तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। किसानों के लिए मानसून काफी मायने रखता है। मानसून के सहारे ही धान की खेती कर पाते हैं।

### जल्द हैंडओवर होगा नवनिर्मित विश्राम गृह, वाटर सप्लाई का काम पूरा

**रांची:**राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) झारखंड का सबसे बड़ा और प्रीमियम मेडिकल इंस्टीट्यूट है। यहां इलाज के लिए न सिर्फ झारखंड बल्कि आसपास के राज्यों से भी मरीज आते हैं। ऐसे में मरीजों के परिजनों के ठहरने के लिए एनटीपीसी द्वारा सीएसआर फंड से विश्राम गृह के निर्माण की आधारशिला 14 जुलाई 2019 को रखी गई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री आरके सिंह, स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी आधारशिला कार्यक्रम में मौजूद थे। विश्राम गृह के निर्माण में 15 करोड़ रुपए खर्च किये गये। मंच से घोषणा हुई थी 15 महीने में विश्राम सदन का निर्माण कर जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा। लेकिन 46 महीने के बाद भी इसे शुरू नहीं किया जा सका है। एक बार फिर रिम्स प्रबंधन का दावा है कि विश्राम सदन को जल्द शुरू कर दिया जाएगा।रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि विश्राम सदन के भवन निर्माण का काम पूरा हो गया है। वहीं पानी की सप्लाई का काम पीएचईडी द्वारा पूरा कर लिया गया है। ट्रांसफार्मर लगाने के लिए जगह चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही भवन को हैंडओवर लेकर मरीजों के लिए विश्राम सदन शुरू कर दिया जाएगा।

### डीएसपीएमयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के 30 मिनट बाद निकल गया रिजल्ट

**रांची:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) में रविवार को पीएचडी कोर्स में एडमिशन के लिए 14 विषयों की लिखित परीक्षा हुई। पहली बार प्रवेश परीक्षा के 30 मिनट बाद ही सफल अभ्यर्थियों के नाम घोषित कर दिए गए। कुल 139 में से 57 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक लाकर अहर्ता हासिल की। अब सफल अभ्यर्थियों को 20 अंक का इंटरव्यू संबंधित विभाग में देना होगा। इसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी। इस परीक्षा में केमिस्ट्री, उर्दू और साइकोलॉजी विषय में पीएचडी के लिए 12 अभ्यर्थी शामिल हुए। लेकिन एक भी छात्र क्वालिफाई नहीं कर पाया। सबसे अधिक बांग्ला विषय में 14 में से 13 अभ्यर्थी पास हुए हैं। जबकि, डीएसपीएमयू में बांग्ला विषय में पढ़ाने वाला एक भी शिक्षक नहीं है। पहले विभाग में एक शिक्षक थे, लेकिन यूजी-पीजी में छात्र नहीं रहने के कारण उनकी प्रतिनियुक्ति जेपीएससी में कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 178 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था और 139 परीक्षा में शामिल हुए। पीएचडी प्रवेश परीक्षा दो सीटिंग में हुई। पहली सीटिंग की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक हुई। दूसरी सीटिंग की परीक्षा दिन के दो से चार बजे तक चली। सभी अभ्यर्थियों को सुरक्षा जांच के बाद परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया।

### सहायक शिक्षक 17 जू न को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

**रांची:** झारखंड के पारा शिक्षक (सहायक शिक्षक) एक बार फिर 17 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करेंगे। पारा शिक्षकों का कहना है कि पिछले साल शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने उनसे जो वादा किया था, सरकार ने आज तक उसे पूरा नहीं किया। इसी को लेकर राज्यभर के पारा शिक्षक हेमंत सोरेन सरकार की वादाखिलाफी से नाराज हैं। अब तक वेतनमान नहीं देने, ईपीएफ लागू नहीं करने, अनुकंपा पर नियुक्ति नहीं किये जाने, सीटेट को जेटेट के समान मान्यता नहीं दिए जाने और अप्रशिक्षितों को प्रशिक्षित नहीं किये जाने के विरोध में यह घेराव करेंगे। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने मोरहाबादी में बैठक कर आंदोलन की रणनीति तैयार कर ली है। बैठक में यह फैसला लिया गया कि 31 मई तक सभी जिला कमेटी संगठन सशक्तिकरण और मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम पर चर्चा करेगी। फिर 4 जून को राज्य के सभी मंत्रियों से मिलकर मांग पत्र सौंपा जाएगा और उन्हें भी मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया जाएगा। 17 जून को मुख्यमंत्री सह प्रभारी शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई तो सभी जिलों में पारा शिक्षक महापंचायत करेंगे।

### दो दिवसीय समर कैंप में पवित्रम सेवा परिवार महिला शाखा ने दी बच्चों को भारतीय संस्कृति की शिक्षा

**रांची:** पवित्रम सेवा परिवार का महिला शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय समर कैंप का राजकमल शिशु विद्या मंदिर धनबाद में समापन हुआ। इस दो दिवसीय पवित्रम संस्कार वाटिका शिविर में 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के 80 बच्चों को योगा, क्रिएटिविटी, पर्सनैलिटी, डेवलपमेंट, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, पर्यावरण, अग्निहोत्र, गो महत्ता, देश भक्ति, दैनिक जीवन के श्लोक और घर के वेस्ट से क्रा?ट सहित अनेक विषयों की शिक्षा दी गई। इन विषयों से जुड़ने के लिए संस्कार सिखाए गए। पवित्रम मातृशक्ति की संरक्षिका रीता सिंह ने कहा कि बच्चों का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। उनके निर्माण का बच्चों को जिस दिशा में मोड़ा जाएगा। उसी दिशा में वह भविष्य में आगे बढ़ेंगे। उनमें सकारात्मकता का निर्माण होने से वो देश समाज और परिवार के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि समर कैंप के समापन के समय पवित्रम सेवा परिवार के अध्यक्ष संजय भरतिया, शंकरलाल बुधिया, संजीव अग्रवाल, सरवन अग्रवाल, हरिराम गुप्ता, योगेंद्र तुलसियान, शैलेंद्र भट्ट, हरीश जोशी एवं बच्चो के सभी अभिवावक उपस्थत थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक डोकानिया, अभिषेक जालान, दिलीप कुमार सिंह, अभिषेक सिन्हा, मोहित गुप्ता, हर्षित शर्मा, रीता सिंह, सीमा मित्तल, पूनम अग्रवाल, सरस्वती सेन, मीना डोकानिया, रानी लुहारूका, रीता बंसल, विभा अग्रवाल, अनिता डोकानिया, मीना नागवान, मनीषा गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल, बरखा लुहारूवाला तथा राशि गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई

# ईग्नू में नए सत्र के लिए एडमिशन फॉर्म जारी

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ( ने जुलाई 2023 सत्र के लिए नए प्रवेश के लिए आवेदन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई, तय है।जानकारी के अनुसार इग्नू में कैंडिडेट्स के लिए ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री के साथ-साथ विभिन्न डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी उपलब्ध करवाए गए हैं। जिनमें एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित तिथियों में भर सकते हैं। आवेदन करने से पहले उम्मीदवार जिस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं उसके लिए तय की गयी पात्रता और मानदंड जांच लें ताकि, किसी तरह की कोई परेशानी न हो। अच्छी तरह से जांचने के बाद ही आवेदन भरें।सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। आवेदक का नाम, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी देकर पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराएं। आवेदन फॉर्म भरें। आवश्यक डॉक्यूमेंट अपलोड करें। आवेदन फीस का भुगतान करके आवेदन फॉर्म जमा करें। इग्नू आवेदन फॉर्म डाउनलोड करें और भविष्य के लिए इसका एक प्रिंटआउट अवश्य ले लें।

25 मई तक करें आवेदन

# स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में इंटरव्यू के आधार पर होगा मैनेजर का चयन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड के सरकारी स्कूलों में पहली बार मैनेजर और लाइब्रेरियन की नियुक्ति होगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। यह नियुक्ति नवनिर्मित 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में की जा रही है। मैनेजर पद के लिए 25 मई तक आवेदन मांगा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों पदों पर उम्मीदवारों के चयन के लिए साक्षात्कार का विकल्प रखा गया है। 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में मैनेजर की नियुक्ति के लिए वैसे शिक्षकों को मौका दिया जाएगा जो सीबीएसई या आइसीएसई से संबद्ध स्कूलों, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत्त हो चुके होंगे। विभाग के सूत्रों की मानें तो सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त स्कूलों के सेवानिवृत्त प्राचार्य को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष निर्धारित की गई है। इनकी नियुक्ति के लिए साक्षात्कार रखा गया है, पर आवेदन अधिक आने पर लिखित परीक्षा भी ली जा सकती है।प्रत्येक स्कूल ऑफ एक्सीलेंस मे एक-एक प्रबंधक की नियुक्ति होगी। इनका मुख्य काम स्कूलों में आधारभूत संरचना को बनाए रखना, बच्चों की सुरक्षा, साफ-सफाई सुनिश्चित करना और प्राचार्य को एकेडमिक सपोर्ट देना होगा। बता दें कि पहली बार किसी सरकारी स्कूल में प्रबंधक की नियुक्ति होने जा रही है।स्कूल मैनेजर को 60 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने आवेदन मंगाना शुरू कर दिया है। मैनेजर पदों पर नियुक्ति के लिए 25 मई तक आवेदन मांगे हैं। मैनेजर के जिन पदों पर नियुक्ति होगी उनमें विभिन्न कैटेगरी में सीटें तय हैं।इन्हीं 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में लाइब्रेरियन की बहाल किए जाएंगे। इनकी नियुक्ति के लिए साक्षात्कार रखा गया है। लेकिन आवेदन अधिक आने पर लिखित परीक्षा ली जाएगी। लाइब्रेरियन बनने के लिए उम्मीदवार के पास लाइब्रेरी एंड इंफॉरमेशन साइंस में बैचलर डिग्री होना चाहिए। मास्टर डिग्री और कार्याअनुभव वाने उम्मीदवार को प्राथमिकता मिलेगी। नियुक्त अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 26,500 रुपये मानदेय मिलेगा।

# जैव विविधता दिवस पर स्कूली बच्चों के बीच परिवर्तन संस्था ने कराया पेंटिंग कंपटीशन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** जैव विविधता दिवस के मौके पर परिवर्तन संस्था द्वारा पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जीडी गोयनका स्कूल मे किया गया। इस स्कूल में चल रहे समर कैंप के अंतिम दिन परिवर्तन संस्था द्वारा इस दिवस को लेकर पेंटिंग कम सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इसमें कूल 96 बच्चों ने भाग लिया जिनमें 70 बच्चे जीडी गोयनका के एवं 26 बच्चे अन्य स्कूलों के थे। बच्चों ने पर्यावरण से जुड़े विषयों पर चित्रकला और दूसरी एक्टिविटी के जरिये अपना हुनर दिखाया। सभी प्रतिभागियों को संस्था द्वारा सर्टिफिकेट एवं पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आनेवाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया।प्रतियोगिता में जीडी गोयनका स्कूल के वाइस चेयरमैन अमन सिंह, प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार, परिवर्तन संस्था की सचिव श्रेया तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ पूजा सिन्हा , अमित कुमार,अनुराग एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। मौके पर श्रेया तिवारी ने कहा कि आज की पीढ़ी पर्यावरण को किस नजर से देख रही है, इन मुद्दों पर विचार करना अति आवश्यक है। बच्चों के मन में पर्यावरण से जुड़ी भावनाओं एवं विचारों को दशार्ने का सरल तरीका चित्रकला है। सुनील कुमार ने कहा कि गोयनका स्कूल द्वारा बच्चों को पर्यावरण से जुड़ी विषयों पर विशेष शिक्षा दी जा रही है। प्रत्येक विद्यार्थी के जन्मदिवस पर एक पौधा स्कूल में लगाने का प्रयास भी उल्लेखनीय है। अन्य अतिथियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने और पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए तैयारी शुरू

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** स्कॉलरशिप टेस्ट की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह स्कॉलरशिप टेस्ट झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से ली जाएगी। 9 जून आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। सीएम मेरिट स्कॉलरशिप के तहत हर साल 5000 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। स्टूडेंट्स का चयन प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर किया जाता है। प्रत्येक जिले से अधिकतम 400 स्टूडेंट का चयन होता है।स्कॉलरशिप के लिए चयनित सभी स्टूडेंट्स को क्लास 9 से 12वीं तक 12 हजार वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। क्लास 9 से 11 मई तक आयोजित होने वाली प्रत्येक वार्षिक परीक्षा में संबंधित स्टूडेंट्स को 60 फीसदी अंक लाना अनिवार्य होगा। तभी आगामी वर्ष के लिए वे छात्रवृत्ति पाने के योग्य माने जाएंगे। किसी भी क्लास चाहे वह 9, 10 या 11 में 60 फीसदी अंक लाने में असफल होते हैं तो उन्हें अगले साल से इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।जिन स्टूडेंट्स का सेलेक्शन इस स्कॉलरशिप के लिए होता है वह राज्य के किसी भी स्कूल चाहे वह सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हो या आईसीएससी से उस में नामांकन ले सकते हैं।

**बैठक** कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार को बढ़ावा देने में राज्य सरकार से सकारात्मक सहयोग मिलने पर चर्चा

# बीएयू में खरीफ अनुसंधान परिषद् की 43 वीं बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की अध्यक्षता में 43 वीं खरीफ अनुसंधान परिषद् की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न हुआ। समापन के अवसर पर कुलपति ने प्रदेश में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार को बढ़ावा देने में राज्य सरकार से सकारात्मक सहयोग मिलने पर चर्चा की। सरकार के समुचित सहयोग से विवि की समस्यायों का त्वरित समाधान संभव होने की बात कही।

उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों का दायित्व है कि राज्य एवं किसानों के हित में अनुसंधान कार्यक्रमों में नवीनता लायें और प्रदेश के कृषि पारिस्थितिकी के अनुरूप एवं उपयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों को प्राथमिकता दें। कृषि से जुड़े हितकारकों से बेहतर समन्यवय एवं सहभागिता स्थापत करें। निदेशक अनुसंधान डॉ पीके डॉ सिंह ने बताया कि परिषद् की बैठक में बिहार पशुपालन विज्ञान विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ वीके सक्सेना के द्वारा पशुचिकित्सा संकाय के अनुसंधान कार्यक्रमों की गहन विवेचना एवं विश्लेषण किया गया।

समीक्षा के उपरांत परिषद् ने देश में संचालित मवेशी और भैंस नेटवर्क परियोजनाओं से विवि को बेहतर सहयोग स्थापित करने और डेटा संग्रह, राज्य में मवेशी और भैंस पालन के लिए बायोमेट्रिक जर्मप्लाज्म परियोजना की शुरूआत, राज्य हित में दुग्ध विकास कार्यक्रम को अपनाने, बकरी पालन प्रजनन प्रणाली बढ़ावा और पशु पोषण विभाग में फीड एंड एनर्जी लैब को स्थापित पर जोर दिया गया। परिषद् ने पशु वैज्ञानिकों की भर्ती, पशुओं के प्रजनन को प्रोत्साहित करने और सिंगल एनिमल हेल्थ प्लेटफॉर्म को लोकप्रिय बनाने का परामर्श दिया। प्रदेश में खाद्य सुरक्षा अधीन एकीकृत कृषि प्रणालियों में चावल, बत्तख और मछली को प्राथमिकता, राज्य में चारा की कमी को देखते हुए कृषि प्रणाली में चारा फसल का सूत्रीकरण और चारा फसल उत्पादन को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। डॉ पीके सिंह ने बताया कि परिषद् ने वानिकी संकाय के शोध कार्यक्रमों के समीक्षा के उपरांत कृषि वानिकी में बहुउपयोगी वृक्षों एवं चारा फसलों की तकनीकी को विशेष प्राथमिकता, प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता को देखते हुए गिलोय एवं एलोवेरा के अतिरिक्त अन्य औषधिय पौधों के अनुसंधान पर प्रयास तथा नव स्थापित गिलोय प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र के सशक्तिकरण पर जोर दिया। परिषद् ने प्रदेश के खरीफ मौसम में खेती योग्य करीब 50 प्रतिशत ऊपराऊ भूमि में फसल विविधिकरण में मिलेट्स, मक्का एवं सोयाबीन की खेती को लोकप्रिय बनाने, उचित तकनीकी प्रबंधन सहित धान की सीधी बुवाई तकनीकी को प्राथमिकता, अम्लीय भूमि सुधार तकनीकी का उन्नयन, विलंबित वषार्पात की स्थिति में उपयुक्त फसल किस्मों को प्रोत्साहन एवं उपयुक्त तकनीकी को बढ़ावा देने का परामर्श दिया।

### ब्लास्टर और दबंग ने जीता मैच



रांची: रॉकमैन प्रीमियर लीग में शाखा मैदान धुर्वा में सोमवार को खेले गए मुकाबलों में ब्लास्टर और दबंग ने जीत हासिल की। 16 वें दिन का पहला मुकाबला ब्लास्टर और सुपरकिंग्स के बीच खेला गया, जिसमें ब्लास्टर ने 58 रन से जीत दर्ज की। ब्लास्टर के जीत के हीरो रहे नीतीश यादव ने 53 गेंदो में नाबाद शतक लगाया। जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला टाइटन्स और दबंग के बीच खेला गया। जिसमें दबंग ने 76 रनों से जीत हासिल की। दबंग टीम के अभिराज सिंह को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

### जल्द निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

रामगढ़ : उपायुक्त माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विद्युत, प्रदूषण, ऋण, पेयजल, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, कार पलटी

**बेरमो:** बेरमो थाना क्षेत्र के करगली बाजार में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार घुटियाटांड सीनियर क्वाटर निवासी अजय नामक व्यक्ति को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया.वहीं अनियंत्रित होकर कार घर के दीवार से जा टकराया जिससे कार पलट गई.घायल को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया.जहां उसका इलाज चल रहा है.कार चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया.वहीं मामले की जानकारी पाकर बेरमो थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर कार और बाइक को जप्त कर थाने ले गई।

### अनियंत्रित कार श्रृंगार स्टोर की दीवार से टकराई, चार घायल

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के स्थानीय केदला तीन नंबर में एक अनियंत्रित अल्टो कार ( जेएच 02 ई 7632 ) केशरी जेनरल स्टोर एवं श्रृंगार स्टोर स्टोर की दीवार से टकराई। घटना रविवार दोपहर चार बजे की है। इस घटना में कार सवार रहावन निवासी छोटन महतो एवं गोसी निवासी शुखदेव महतो घायल हो गए। वहीं स्टोर के बाहर बैठी कोमल कुमारी (15) के दाहिने हांथ व गीता देवी (60) (कोमल की दादी) की बाएं घुटना में चोट लगी। प्राथमिक उपचार में छोटन महतो के सिर पर दो टांके लगी।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आग लगने से लाखों की समान जलकर राख

**बेरमो /चंद्रपुरा :** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के तेलो पूर्वी पंचायत के महतो मार्केट स्थित ए टू जेड इंटर प्राइज प्लाईवुड की दुकान में बीती देर रात्रि को आग लग्गी कि घटना से दुकान में रखी लाखो रुपए की सम्पति जल कर खाक हो गयी। देर रात को ही डीभीसी चंद्रपुरा से दमकल आने के बाद आग बुझाई गयी। घटना के सम्बंध में चंद्रपुरा थाना को दिए गए आवेदन में दुकान मालिक मोहम्मद एजाज अंसारी का कहना है कि मेरा ए टू जेड इंटर प्राइजेज प्लाईवुड नाम से दुकान है जंहा प्लाई का दरवाजा स्टील वर्क्ण फाइबर दरवाजा वाईपीसी दरवाजा मैनुफेक्ररिंग एंव थोक बिक्री करने की दुकान विगत चार वर्षो से चल रहा था। बीती रात को प्रतिदिन की भांति दुकान बंद कर घर चला गया था। लगभग साढ़े बारह बजे रात को सूचना मिल की उनके दुकान में आग लग गयी दुकान आकर देखा तो, दुकान का दरवाजा खुला पड़ा था और अंदर बड़ी बड़ी लपटे उठ रही थी तत्काल डीभीसी चंद्रपुरा दमकल केंद्र को सूचना दी। दमकल गाड़ी आने के बाद आग बुझाई गयी।

### महायज्ञ में बहेगी भक्ति की बयार

**कुजू:** नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार में 26 मई से सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ शुरू होगा। सात दिवसीय यह महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा, जो बनारस से आए यज्ञाचार्य पंडित विकास पांडेय के देख रेख में संपन्न किया जाएगा। यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं के बीच भक्ति की बयार बहेगी ।

विरोध > सीसीएल सीकेएस ने महाप्रबंधक कार्यालय ढोरी में किया धरना प्रदर्शन

# खान महानिदेशालय एवं कोल प्रबंधन के सुरक्षा के प्रति उदासीन रवैया बर्दाश्त नहीं : विनय कुमार सिंह

▶▶ महानिदेशालय एवं कोल प्रबंधन के सुरक्षा के प्रति उदासीन एवं सजग नही दिख रहे है

राष्ट्रीय खबर





**बेरमो:** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल सीकेएस ढोरी द्वारा खान महानिदेशालय एवं कोल प्रबंधन के सुरक्षा के प्रति उदासीन तथा नाकारात्मक रवैये की विरोध भारतीय मजदूर संघ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर तथा महाप्रबंधक ढोरी के माध्यम से श्रम मंत्रालय भारत सरकार को ज्ञापन सौंपने का कार्य किया गया धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता क्षेत्रिय अध्यक्ष कुलदीप तथा संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया ।मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित बोकारो जिला भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संत सिंह मौजूद रहे। उन्होंने ने कहा कि आय दिन देखा जा रहा है कि खदानो में दुर्घटनाएं की घटना बढ़ती जा रही है और खान महानिदेशालय एवं कोल प्रबंधन के सुरक्षा के प्रति उदासीन एवं सजग नही दिख रहे है ।

जिसे भारतीय मजदूर संघ बर्दाश्त नही करेगी विनय कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पूरे कोल इंडिया स्तर पर खदानो में दुर्घटनाएं की घटना बढ़ती जा रही है कभी करोड़ों रुपए की लागत की मशीन जल कर राख तो कभी हमारे डिपार्टमेंटल तथा आउटसोर्सिंग में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा के चूक की वजह से मृत्यु हो जा रही उपरोक्त घटना की औसतन दर दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है जिससे हमारे भारतीय मजदूर संघ के शीर्ष नेतृत्व कोल प्रभारी के.लक्ष्मा रेड्डी जी तथा अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुधीर घुरडे काफी झुब्ध हो कर निर्णय लिए की भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में दिनांक 22 मई 2023 को खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद तथा कोल इंडिया के सभी इकाइयों के महाप्रबंधक कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर महाप्रबंधक के माध्यम से श्रम सचिव भारत सरकार को संगठन अपना विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का कार्य कर रही है उसी निमित्त आज हमलोग सीसीएल सीकेएस ढोरी के तत्वावधान में आज धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का कार्य किया जा रहा है वही कुलदीप ने कहा कि सुरक्षा के प्रति प्रबंधन के नकारात्मक रूख को भारतीय मजदूर संघ बर्दाशत नही करेगी।

मौके पर नुनुचंद महतो, शाहनवाज खान, बुधन प्रसाद नोनिया,अजय सिंह,बीरेन्द्र गुप्ता ,राजेश पासवान, फुली गोप, हीरालाल रविदास, प्रमोद कुमार गौतम,लखन बाउरी, भुनेश्वर यादव, गौतम लोहार, कारू मिश्रा, राजेश गोप,फूलचंद किष्को,प्रमोद कुमार शर्मा,जमुना नोनिया,सुबीर मुखर्जी,सोमनाथ मिश्रा,अरविंद ठाकुर,गब्बर सिंह,गुलाब सिंह,अभय तिवारी,हरिशंकर, भोला राम,शंकर दास,सुमितो कुमार मांझी, संदीप उरांव ,पंकज,निशांत,शरद कुमार,राजेन्द्र,जय किशुन सिंह,प्रेमलता देवी,सुमिति कुमारी,सुजाता मुखर्जी,बसंती देवी,नेली शेफाली हेम्ब्रम, ज्योति,सीमा,उर्मिला,सरिता,लखबाला देवी,लक्ष्मी कुमारी,रीना कुमारी,यसोदा,देवकी,इंडिया देवी, नीरा,सुती, नंदी कुमारी, लक्ष्मी बाई, आदि मौजूद रहे।

नियमित जलापूर्ति नहीं होने से कुजू के ग्रामीणों में त्राहिमाम

# तीनों पंचायत के मुखिया के साथ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**कुजू :** कुजू के तीनो पंचायतों के लिए हर घर नल जल योजना के तहत डीएमएफटी फंड से लगभग 22 करोड की लागत से जलमीनार और पाइप लाइन बिछाया गया। इस जल मीनार से कुजू के तीनों पंचायत के हर घरों में नल द्वारा जलापूर्ति करने की योजना थी परंतु ठेकेदार और अधिकारियों की लापरवाही की वजह से यहां के लोग पेयजल के लिए त्राहिमाम है। ठेकेदार द्वारा कभी पाइप लाइन फटने , कभी विद्युत आपूर्ति की कमी, कभी मशीन खराब होना ,तो कभी कर्मचारी की कमी होना का हवाला दिया जाता है ।

इससे पूर्व भी इसकी शिकायत डीडीसी रामगढ़ से भी की गई थी उनके हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों तक तो जलापूर्ति सुचारू रूप से की गई । परंतु फिर से समस्या यथावत बनी रही । इस भीषण गर्मी में जहां लोग पेयजल के लिए त्राहिमाम है लोग दूर-दराज से जैसे तैसे पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं। वही लगातार 15 दिनों तक जलापूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है । जिसको लेकर तीनों पंचायत के मुखिया ओं के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों ने जलविहार के गेट के समक्ष जमकर प्रदर्शन करते हुए ठेकेदार अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । इस संबंध में ठेकेदार के प्रतिनिधि धनंजय सिंह से बात करने पर मशीन खराब होने और बिजली आपूर्ति की परेशानी के वजह से जलापूर्ति नहीं होने की बात कही गई । वही इस समस्या के लिए ग्रामीण और क्षेत्र के तीनों मुखिया के द्वारा कई अधिकारियों से बात की गई ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का किया गया उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न विकास कार्यों, केंद्र के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर टाटा स्टील फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन, रामगढ़ के बीच 6 दिसंबर 2022 को एमओयू किया गया था। इसी क्रम में कार्य पूर्ण होने के उपरांत सोमवार को विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा केंद्र का उद्घाटन किया गया।इस दौरान विधायक एवं उपायुक्त ने केंद्र में किए गए विकास कार्यों एवं उपलब्ध कराए गए आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने ओपीडी वेटिंग एरिया, सोलर आधारित विद्युत सेवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओटी कक्ष, लेबर कक्ष, एमटीसी केंद्र आदि में उपलब्ध कराए गए विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मांडू सहित अन्य अधिकारियों को केंद्र के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही माननीय विधायक एवं उपायुक्त के द्वारा सभी प्रखंड वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने की शुभकामनाएं दी।

# खदानों में बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर सीसीएल सीकेएस को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** सोमवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ बीएमएस के तत्वधान में कोयला खदानों में सुरक्षा नियम का उल्लंघन से हो रहे दुर्घटनाओं में लगाम लगाने हेतु बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक को माग सौंपा गया। जिसमें की श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के नाम से अंकित था। इससे पहले करगली स्थित गांधी चौक से जुलूस नारेबाजी करते हुए महाप्रबंधक कार्यालय के गेट पर पहुंचा। जहां श्रमिकों द्वारा सुरक्षा नियमों से संबंधित नारेबाजी करते हुए एसओपी राजीव कुमार को मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर यूनियन के विनय पाठक, दिनेश पांडे, दिलीप मरिक,धर्मेंद्र सिंह , टेकोचंद करमाली ,संजय पांडे, सुशांतो चक्रवर्ती ,मृत्युंजय पांडे, कृष्ण मुरारी ,साजन कुमार, देवेंद्र तिवारी, किशोर कुमार गिरी ,रंजन कुमार, कृष्णा ,संतोष कुमार, रंजन कुमार, राम निहोरा सिंह, सुबह चक्रवर्ती, संजय कुमार यादव, सत्येंद्र सिंह ,हारून रशीद, राजेश सिन्हा, तारो महतो, शिव शंकर, दुबेराम सतनामी, उदय कुमार सिंह, शनिचर रविदास, विनोद कुमार, ओम प्रकाश, अशोक पांडे, मो शादाब ,हरिशंकर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

सीसीएल सीकेएस(बीएमएस) अरगड्डा क्षेत्र द्वारा सौंपा गया महाप्रबंधक को ज्ञापन

# उत्पादन सुरक्षा के नियमों की अनदेखी से होती है दुर्घटना : मदन कुमार

राष्ट्रीय खबर



**गिद्दी :** सीसीएल सीकेएस (बीएमएस) अरगड्डा क्षेत्र के द्वारा महाप्रबंधक को ज्ञापन प्रबंधन की ओर से विवेक कुमार को सौंपा गए। इस मौके पर केंद्रीय पदाधिकारी एवं क्षेत्र प्रभारी दिलीप कुमार एवं कार्यसमिति सदस्य पूर्व जेसीसी मेम्बर सुधीर कुमार मिश्रा उपस्थित थे। क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन कुमार ने अपने सभी सम्मानित सदस्यों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा। दिलीप कुमार ने कहा कि पूरे कोल इंडिया में 22मई को डीजीएमएस मुख्यालय , में विशाल धरना प्रदर्शन के माध्यम से ज्ञापन सौपनें का और सभी क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में ज्ञापन सौपनें का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन कुमार ने कहा कि अधिक उत्पादन के लिए श्रमिको की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है जिससे दुर्घटना में बृद्धि हो रही है , श्रमिकों में असुरक्षा एवं भय व्याप्त है. जिससे उत्पादन में कमी आ रही है। उत्पादन के साथ सुरक्षा के नियमों का पालन नियमित होना चाहिए। तभी जीरो प्रतिशत नुक्सान के साथ उत्पादन किया जा सकता है। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार टुडू, बालेश्वर करमाली, मुकेश कुमार, सतीश सिंह, संजय सिंह, अजय सागर, शिवदेव महतो, रंजीत सरकार, चंदन सिन्हा, सपन बनर्जी, दिनेश जायसवाल, भोला कुमार, कमलेश्वर मिश्रा, मुन्ना त्रिपाठी, शिवशंकर राजभर, शिवशंकर कुमार, अंजय कुमार, अनिल कुमार , हरबंश सिंह, शिव वचन यादव आदि लोग उपस्थित थे।

भेंट > झा. स्टूडेंट यूनियन के सदस्यों ने आज बेरमो विधायक कुमार जयमंगल से कि मुलाकात

# नियोजन नीति के खिलाफ छात्रों का किया समर्थन

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के सदस्यों ने आज बेरमो विधायक कुमार जयमंगल के आवास में उनसे मुलाकात कर राज्य में नियोजन को लेकर बनाई गयी 60-40 की नीति को हटाने के संबंध में उनका समर्थन माँगा और कहा की यह नीति झारखंड के मुलवासियों के पक्ष में नहीं है अतः इसको हटाकर पुनः विचार किया जाए और झारखंड के आदिवासी और मुलवासियों के अनुरूप खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति बनाया जाय। बेरमो विधायक के आवास में इस पर समर्थन लेने हेतु सेकड़ो की संख्या में छात्र आये थे जिस बेरमो विधायक जयमंगल सिंह ने कहा कि हम सदैव यहाँ के आदिवासी मुलवासी और छात्रों के पक्ष में और 60-40 पर पुनः विचार करने हेतु पत्र के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह करेंगे साथ ही जरूरत पड़ने पर वे छात्रों के समर्थन में मुख्यमंत्री से भी बात करेंगे और उन्होंने अपना समर्थन पत्र छात्रों को दिया। बेरमो विधायक ने कहा कि वे 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के भी पक्षधर है और उनकी सरकार से लागू करने के लिए कटिबद्ध है। छात्रों ने विधायक के समर्थन देने पर उनको धन्यवाद दिया। मौके पर झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की ओर से मुख्य रूप से कुणाल कुमार, राजेश महतो, कमलेश महतो, टेकलाल महतो, विश्वजीत कुमार, महेश्वर बेसरा, राज गिरि, अमन रविदास, भारत कुमार, सनातन कुमार, मनोज कुमार, सुनील महतो, प्रीतम कुमार, विशाल गिरि, दीपक गिरि, अजय गिरि, अनिल महतो, महाबीर महतो, विवेक कुमार, बिनोद महतो, सुनील महतो, धर्मेंद्र कुमार सहित सेकड़ो छात्र उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

### प्रकाश कुमार सिंह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से किया मुलाकात, दिया निमंत्रण



बेरमो /बेरमो निवासी एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने रविवार को अपने असम प्रवास के दौरान असम की राजधानी दिसपुर में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से मुलाकात किया । इस दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को अपने एक कार्यक्रम के लिए बेरमो आने का निमंत्रण भी दिया । मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि वे बेरमो में होने वाले उनके कार्यक्रम में जरूर आएँगे । इस मुलाकात के दौरान झारखंड की राजनीतिक मसलों पर भी विचार विमर्श हुआ ।

### कोचलाटाड मे ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**गोला :** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के दिशा निर्देश पर पार्षद जलेश्वर महतो एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से ट्रांसफार्मर का उद्घघाटन किया। पिछले दिनों ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसे ग्रामीण बहुत परेशान थे ग्रामीण खराब ट्रांसफॉर्मर की समस्या विधायक के पास रखें। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग से 24 घंटों के अंदर नया 100 केबी का ट्रांसफार्मर डभातू ग्राम में दिया गया। इसे ग्रामीण विधायक के प्रति हर्षित है तथा आने वाले दिनों में हर सुख दुख की समस्या में ग्रामीण विधायक के साथ रहने की बात कही। इस अवसर पर आजसू पार्टी के कार्यालय प्रभारी दीनू गोस्वामी, महेंद्र प्रसाद, भाजपा के कृष्णा गोस्वामी, पुनाराम महतो, गंगा साव, शशि भूषण, सतीश गोस्वामी, पवन गोस्वामी, सुरेंद्र प्रसाद, संतोष प्रसाद, अभिषेक गोस्वामी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### वेतन समझौता करा कर लौटे जेबीसीसीआई सदस्य कुमार जयमंगल सिंह का हुआ अभिनंदन



**बेरमो :** कोल इंडिया लिमिटेड में कार्यरत ढाई लाख से अधिक कामगारों के लंबित 11वां वेतन समझौता संपन्न कराकर लौटे जेबीसीसीआई सदस्य सह इंटक नेता कुमार जयमंगल सिंह का मजदूरो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आवासीय कार्यालय मे कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि यह वेतन समझौता मजदूर हित के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि बीते 20 मई को कोलकाता स्थित कोल इंडिया मुख्यालय में बिना किसी भव्य आयोजन के उक्त वेतन समझौता कराया गया। इसके लिए वर्तमान कोल इंडिया चेयरमैन ने जेबीसीसीआई सदस्यों का आभार जताया। साथ ही उन्होंने जुलाई तक मजदूरों के बकाया एरियर का भुगतान करने की बात कही। राकोमयू के सीसीएल जोन के अध्यक्ष गिरिजाशंकर पांडेय ने कहा कि उक्त वेतन समझौते को कराने में उनके यूनियन के कुमार जयमंगल सिंह का प्रयास सराहनीय रहा है। इन्हीं के प्रयास से 11वां वेतन समझौता संभव हो सका है। ढ़ोरी क्षेत्र के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, बीएंडके कार्यकारी अध्यक्ष सुबोघ सिंह पवार, कथारा क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस ने वेतन समझौते को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर अनूप सिंह को साधुवाद दिया।विधायक कुमार जयमंगल सिंह को तीनों क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर तथा गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, क्षेत्रीय सचिव शिवनंदन चौहान सहित गणेश मल्लाह, राजेश्वर सिंह, जयराम सिंह, महफूज आलम, प्रदीप सिंह, निमाई मंडल, श्रीकांत मिश्रा साधु बाउरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बेरमो : अज्ञात बीमारी की चपेट में आदिवासी बच्चे, जड़ी बूटी के भरोसे ग्रामीण



**बेरमो :** गोमिया प्रखण्ड के तिलैया पंचायत अंतर्गत टुटीझरना गांव में कई बच्चे और बड़े अज्ञात बीमारी से पीड़ित हैं. तीन सौ की आबादी वाले इस गांव में सभी आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं. गोमिया प्रखंड मुख्यालय से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर यह गांव लुगु पहाड़ के तलहटी पर बसा हैं.ग्रामीण हीरालाल टुडू और प्रेम टुडू ने बताया कि बच्चों के शरीर में चेचक जैसे छोटे-छोटे दाग हो गये हैं. अंधविश्वास में फंसे ग्रामीण उसे माता जी वाली बीमारी कहकर इलाज नहीं करा रहे हैं. बच्चों को ठंड लगने और उल्टी आने के साथ-साथ पेट दर्द, बुखार और सिरदर्द भी रहता है. कई बच्चों के शरीर पर लाल रंग के चकते भर आए हैं. हीरालाल ने बताया कि ग्रामीण जड़ी बूटी से अपने बीमार बच्चों का इलाज कर रहे हैं। 22 को जाएगी जांच टीम-प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.जितेंद्र कुमार ने बताया इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी. कहा कि सोमवार 22 मई को स्वास्थ्य विभाग की एक टीम गांव जाएगी और पीडितों की जांच करेगी।

### बरलंगा में अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान, अनेकों भट्ठियों को किया ध्वस्त



**गोला :** बरलंगा पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इसके तहत थाना क्षेत्र के नावाडीह एवं बरलंगा में कई अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध शराब बनाया जा रहा है। इसी पर त्वरित कार्रवायी करते हुए अवैध भट्ठियों को नष्ट किया गया तथा वहाँ रखे हुए जावा महुआ को धूलधूसरित करते हुए नष्ट कर दिया गया। हालाँकि पुलिस के पहुँचने के पूर्व हीं अवैध शराब के धंधे में कार्यरत लोग भागने में सफल रहा।

संपादकीय

# दो हजार का नोट गायब जिम्मेदारी किसकी

भारतीय अर्थव्यवस्था में दो हजार रुपये के नोट अधिक प्रचलन में नहीं है। इसका सीधा अर्थ है कि वे तिजोरियों में कैद हैं। अब भारत में चुनाव जिस तरीके से पैसे पर आधारित हो गया है, उससे एक संदेह तो यह बनता ही है कि इन दो हजार के नोटों का एक बड़ा हिस्सा राजनीतिक दलों और नेताओं के पास हैं। बाकी नोट जाहिर तौर पर काला धन बन चुका है। इसलिए यह सवाल है कि आखिर इस काला धन को बड़ी करेंसी में तब्दील करने का मौका देने की जिम्मेदारी किसकी है। फिर से इसके पक्ष और विपक्ष में तर्क और कुतर्क गढ़े जा रहे हैं, जिससे आम जनता का कोई लेना देना नहीं है। जो जानकारी जनता के सामने हैं, वही सबसे महत्वपूर्ण है। भारतीय रिजर्व बैंक ने क्लीन नोट नीति के तहत 2000 रुपये के नोट को वापस लेने का फैसला किया है। 8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि पुराने बड़े नोट (1000 रुपये और 500 रुपये) आधे हो गए हैं। आरबीआई ने जनता की जरूरतों के लिए



10 नवंबर 2016 से 2000 रुपये का नोट पेश किया। लेकिन, आरबीआई ने हाल ही में खुलासा किया है कि उन्होंने 2018 में ही 2000 रुपए के नोटों की छपाई बंद कर दी है। हालांकि, मार्च 2017 तक 2000 रुपए के नोटों की 89 फीसदी छपाई का काम पूरा हो चुका है। सात साल पहले चलन में आया 2000 रुपए का नोट।। आरबीआई के मुताबिक, दो साल बाद इसकी छपाई बंद हो गई। उस समय से पांच साल से भी कम समय में, 2000 रुपये के नोट का उपयोग किया गया है। इस बीच, पिछले कुछ समय से बैंकों में 2000 रुपये के नोट चलन में नहीं हैं। केंद्र ने कहा कि 2016 में काले धन को दूर करने के मकसद से पुराने बड़े नोटों को वापस लिया गया और 2000 रुपए का नोट पेश किया गया। इसलिए देश को नोटबंदी का एलान करने वाले नरेंद्र मोदी को इस बारे में सफाई देनी चाहिए कि आखिर उन्होंने एक हजार के बदले दो हजार का नोट किस सोच के तहत लागू किया था और अगर लागू किया था तो अब उसे वापस लेने की क्या जरूरत आ पड़ी है। दरअसल नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व करिश्माई होने तथा वह खुद लोकप्रियता के शिखर पर होने के बाद भी यह कमजोरी बार बार उजागर होती रही है कि जनता से जुड़े टेढ़े सवालों को वह टाल जाते हैं। दूसरी खामी उनकी यह है कि वे अप्रिय प्रश्नों का सामना ही नहीं करना चाहते हैं। यही वजह है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को कोसते हुए सत्ता शीर्ष की कुर्सी तक पहुंचने के बाद भी वह अब तक प्रेस से नहीं मिले हैं। उन्हें भी पता है कि हर किस्म के मीडिया मैनेजमेंट का हथकंडा अपनाने के बाद भी मुख्य धारा तथा वैकल्पिक मीडिया ने उनके लिए अनेक अप्रिय सवालों को जन्म दे दिया है। चंद लोगों को मैनेज करने की उनकी चाल भी अब बेकार हो चुकी है। अब फिर से दो हजार के नोट पर वापस लौटें तो यह राय सामने आ चुकी है कि 2000 रुपये काले धन के रूप में छुपाने के काम आते हैं। आरबीआई द्वारा बताए गए विवरण के अनुसार, मार्च 2018 के अंत तक 2000 रुपये के नोटों का चलन घटकर 6.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। तब से, मार्च 2023 के अंत तक यह गिरकर 3.62 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यानी अभी 10.8 फीसदी नोट ही चलन में हैं। शेष करीब नब्बे प्रतिशत दो हजार के नोट कहां गये, इसका उत्तर भी देना प्रधानमंत्री मोदी की जिम्मेदारी बनती है क्योंकि उन्होंने ही कालाधन खत्म करने का दावा ठोंका था जबकि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने संसद में इस मुद्दे पर कहा था कि इस तरीके से देश में काला धन का अनियंत्रित साम्राज्य कायम हो जाएगा। इस महीने की 23 तारीख से देश के सभी क्षेत्रीय आरबीआई कार्यालयों में 2000 रुपये के नोटों को स्थानांतरित करने की सुविधा के बावजूद व्यापार और वाणिज्यिक क्षेत्र में दैनिक वित्तीय लेनदेन के बाधित होने की आशंका है। 2000 रुपये के नोटों से वित्तीय लेन-देन नहीं होगा। 2016 में, नोटबंदी के कारण कई नागरिक अपनी जान गंवा बैठे। हालांकि, वित्तीय विशेषज्ञों का कहना है कि डिजिटल लेन-देन में वृद्धि के कारण दिन-प्रतिदिन के लेन-देन पर प्रभाव देखा जाना बाकी है। आरबीआई सूत्रों का कहना है कि उन्होंने 2013-14 में भी चलन में रहे नोटों को वापस ले लिया है। दूसरी तरफ रूस के विदेश मंत्री ने यह बयान दे दिया है कि रूस स्थित भारतीय बैंकों में व्यापक पैमाने पर भारतीय मुद्रा बेकार पड़ी हुई है। तमाम दलीलों के बीच यह जनता के बीच का सवाल है कि फिर स्विस बैंकों में किन भारतीयों का पैसा साल दर साल बढ़ रहा है।

# शहीदों के सरताज गुरू अर्जुन देव

गुरू अर्जुन देव शहीदी पर्व (23 मई) पर विशेष



श्री गुरू अर्जुन देव सिख धर्म के पहले शहीद थे और उनके बलिदान को सिख धर्म में सबसे महान माना जाता है। उनका शहीदी पर्व सिख कैलेंडर में तीसरे महीने ज्येष्ठ के 24वें दिन मनाया जाता है, जो पश्चिमी कैलेंडर में प्रतिवर्ष मई अथवा जून के महीने में होता है। इस वर्ष यह 23 मई को है। गुरु अर्जुन देव सिख धर्म के पहले शहीद थे, जिनकी शहादत को स्मरण करने और उन्हें सम्मानित करने के लिए यह दिन चिह्नित किया गया। सिखों के पांचवें गुरू श्री अर्जुन देव जी को धर्म रक्षक और मानवता के सच्चे सेवक के रूप में स्मरण किया जाता है। उनके पिता गुरू रामदास सिखों के चौथे तथा नाना गुरू अमरदास सिखों के तीसरे गुरू थे और गुरू अर्जुन देव के पुत्र हरगोविंद सिंह सिखों के छठे गुरू बने। अमृतसर के गोइंदवाल साहिब में जन्मे गुरु अर्जुन देव के मन में सभी धर्मों के प्रति अथाह सम्मान था, जो दिन-रात संगत की सेवा में लगे रहते थे। अर्जुन देव को 18 वर्ष की आयु में वर्ष 1581 में पिता गुरू रामदास जी द्वारा सिखों का पांचवां गुरू नियुक्त किया गया था।

शांत व गंभीर स्वभाव के स्वामी तथा धर्म के रक्षक गुरू अर्जुन देव जी को अपने युग के सार्वमान्य लोकनायक का दर्जा प्राप्त है, जिनमें निर्मल प्रवृत्ति, सहृदयता, कर्त्तव्यनिष्ठता, धार्मिक एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण भावना जैसे गुण कूट-कूटकर समाये थे। उन्हें उनकी विनम्रता के लिए भी स्मरण किया जाता है। दरअसल उनके बारे में कहा जाता है कि अपने पूरे जीवनकाल में उन्होंने कभी किसी को कोई दुर्वचन नहीं कहे। आध्यात्मिक जगत में सर्वोच्च स्थान प्राप्त गुरू अर्जुन देव को शहीदों के सरताज और शांतिपुंज के अलावा ब्रह्मज्ञानी माना जाता है। वह आध्यात्मिक चिंतक और उपदेशक के साथ ही समाज सुधारक भी थे, जो सती प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी डटकर खड़े रहे तथा अपने 43 वर्षों के जीवनकाल में उन्होंने जीवन पर्यन्त धर्म के नाम पर आडम्बरों तथा अंधविश्वासों पर कड़ा प्रहार किया। प्रतिदिन प्रातःकाल लाखों लोग शांति हासिल करने के लिए ह्यसुखमनी साहिबह्ण का पाठ करते हैं, जो गुरू अर्जुनदेव जी की अमर-वाणी है, जिसमें 24 अष्टपदी हैं। सुखमनी अर्थात सुखों की मणि यानी मन को सुख देने वाली वाणी, जो मानसिक तनाव की अवस्था का शुद्धिकरण भी करती है। यह सूत्रात्मक शैली की राग गाउडी में रची गई उत्कृष्ट रचना मानी जाती है, जिसमें साधना, नाम-सुमिरन तथा उसके प्रभावों, सेवा, त्याग, मानसिक सुख-दुख तथा मुक्ति की उन अवस्थाओं का उल्लेख है, जिनकी प्राप्ति कर मानव अपार सुखों की प्राप्ति कर सकता है।



**योगेश कुमार गोयल**
पत्रकार

सभी गुरूओं की बानी के अलावा अन्य धर्मों के प्रमुख संतों के भजनों को भी संकलित कर गुरू अर्जुन देव ने ही एक ग्रंथ ह्यगुरू ग्रंथ साहिबह्ण बनाया, जो मानव जाति को सबसे बड़ी देन मानी गई है। सम्पूर्ण मानवता में धार्मिक सौहार्द पैदा करने के लिए श्री गुरू ग्रंथ साहिब में कुल 36 महान संतों और गुरूओं की वाणियों का संकलन किया गया। इसमें कुल 5894 शब्द हैं, जिनमें से कुल 30 रागों में 2216 शब्द श्री गुरू अर्जुन देव जी के ही हैं जबकि अन्य शब्द महान संत कबीर, संत रविदास, संत नामदेव, संत रामानंद, बाबा फरीद, भाई मरदाना, भक्त धन्ना, भक्त पीपा, भक्त सैन, भक्त भीखन, भक्त परमानंद, बाबा सुंदर इत्यादि के हैं। गुरू ग्रंथ साहिब जी का सम्पादन गुरू अर्जुनदेव ने भाई गुरदास की सहायता से किया था, जिसमें रागों के आधार पर संकलित वाणियों का इस प्रकार वर्गीकरण किया गया, जिसे देखते हुए इसे मध्यकालीन धार्मिक ग्रंथों में बेहद दुर्लभ माना जाता है। गुरू ग्रंथ साहिब के संकलन का कार्य वर्ष 1603 में शुरू हुआ और 1604 में सम्पन्न हो गया था, जिसका प्रथम प्रकाश पर्व श्री हरिमंदिर साहिब में 30 अगस्त 1604 को आयोजित किया गया था और इसके मुख्य ग्रंथी की जिम्मेदारी बाबा बुड्ढ़ा जी को सौंपी गई, जिन्होंने बचपन में गुरू अमरदास के साथ मिलकर अर्जुन देव का पालन-पोषण किया था। वर्ष 1705 में दमदमा साहिब में दशमेश पिता गुरू गोविंद सिंह जी ने गुरू तेगबहादुर जी के 116 शब्द जोड़कर गुरू ग्रंथ साहिब को पूर्ण किया, जिसमें कुल 1430 पृष्ठ हैं।

गुरू अर्जुनदेव जी का सेवाभाव तथा गुरू ग्रंथ साहिब का कार्य कुछ असामाजिक तत्वों को रास नहीं आया, जिन्होंने इसके खिलाफ बादशाह अकबर के दरबार में शिकायत कर डाली कि ग्रंथ में इस्लाम के खिलाफ काफी गलत बातें लिखी गई हैं लेकिन जब अकबर को ग्रथ में संकलित गुरूवाणियों की महानता का आभास हुआ तो उसने 51 मोहरें भेंट कर खेद प्रकट किया। अकबर के देहांत के बाद दिल्ली के शासक बने निर्दयी और कट्टरपंथी जहांगीर ने 28 अप्रैल 1606 को उन्हें सपरिवार पकड़ने का फरमान जारी कर दिया। आखिरकार लाहौर में गुरूजी को बंदी बना लिया गया और उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई गई। क्रूर शासक के फरमान पर 30 मई 1606 को गुरू अर्जुन देव को लाहौर में भीषण गर्मी के दौरान लोहे के बुरी तरह तपते तवे पर बिठाकर शहीद कर दिया गया। तपते तवे और तपती रेत से भी गुरूजी जरा भी विचलित नहीं हुए और हंसते-हंसते असहनीय कष्ट झेलते हुए भी उन्होंने सभी की भलाई के लिए ही अरदास की। जब उनके शीश पर आग सी तपती रेत डालने पर उनका शरीर बुरी तरह से जल गया तो उन्हें जंजीरों से बांधकर रावी नदी में फैंक दिया गया लेकिन उनका शरीर रावी में विलुप्त हो गया। रावी नदी में जिस स्थान पर गुरूजी का शरीर विलुप्त हुआ, वहां गुरूद्वारा डेरा साहिब का निर्माण किया गया, जो अब पाकिस्तान में है। गुरू अर्जुन देव की शहादत ने समस्त मानव जाति को यही संदेश दिया कि अपने धर्म और राष्ट्र के गौरव तथा महान जीवन मूल्यों के लिए आत्म-बलिदान देने को सदैव तत्पर रहना चाहिए।

# सफलता का रहस्य

**अब गतांक से आगे .. ..**

जैसे ही वह गाँव पहुँचा, दोड़कर भोलू भैया, भोलू भैया .. चिल्लाता हुआ भोलू पहलवान के घर गया । भोलू -क्या हुआ, अनंग ? ऐसे पागलों की तरह क्यों चिल्ला रहे हो ?

अनंग -भोलू भैया ! मुझे व्यायाम सिखना है ।

भोलू -यह भी कोई व्यायाम करने का समय है, भला । जाओ सुबह आना ।

अनंग भी कहाँ का मानने वाला था । वह जिद पर उतर आया । हार मानकर भोलू भैया ने उसे कुछ व्यायाम बता दिए और कल सुबह आने को कहा ।

खुशी -खुशी अनंग घर चला आया । उत्साह में आकर उसने जितना सिखा उतना ही अनवरत करना शुरू कर दिया । यह



सब उछल -कूद करते देख माँ ने उसे मना किया, किन्तु वह नहीं माना, परिणाम यह हुआ कि दुसरे दिन सुबह वह बिस्तर से उठ ही नहीं पाया । फिर माँ ने उसे खूब डांटा और कहने लगी, और करो व्यायाम, बड़े आये पहलवान बनने वाले ।माँ के यह कटु शब्द सुन अनंग को भोलू भैया पर क्रोध आया । वह यह सोचने लगा कि भोलू भैया ने जरुर मुझे गलत व्यायाम बताया होगा । अतः वह गुस्से से भरकर जैसे -तैसे चलकर भोलू भैया के घर गया । भोलू भोजन कर रहा था ।

अनंग -भोलू भैया ! आपने मुझे ये कैसा व्यायाम बताया ! मेरे सब हाथ पैर दर्द कर रहे है ?

भोलू बोला -अनंग ! हर काम को करने का एक निश्चित समय और परिमाण होता है । यदि हम असमय अनिश्चित मात्रा में कोई कार्य करेंगे तो वह अनर्थ ही उपस्थित करेगा । पहलवान बनना कोई एक दो दिन का कार्य नहीं है । इसके लिए दीर्घकाल तक धैर्य के साथ सतत प्रयास करना पड़ता है । तब जाकर सफलता मिलती है । यह अटल नियम है ।

यह नियम ना केवल पहलवानी के साथ लागू होता है, बल्कि दुनिया की हर एक सफलता के साथ लागू होता है । जीवन में कोई ठोस सफलता प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से धैर्य पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ लगे रहना पड़ता है । .. ..**समाप्त।**

(अभिव्यक्ति)

# निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों की खलिश

आकाशीय पुष्प होते मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के जद्दोजहद में एक आम आदमी की दिनचर्या लगभग धूप में लहू सुखाने के बराबर है; अलबत्ता ही चैन की नींद इन्हें कहाँ ही मिलता होगा। परिवार के जरूरतों की बोझ दिन में जांगर तोड़ मेहनत करने पर आमादा कर देता है, तो रात की छांव में कल की चिंता के सबब में करवटें ही बदलते हैं। जैसे सपनों की तालाबंदी हो और सिर्फ आसमान को छूते आवश्यक वस्तुओं के दाम के सागर मंथन में इच्छाओं की आत्महत्या तो हरेक रोज होना लाजमी है।



**पुखराज प्राज**
स्तंभकार

बहरहाल, कारणों के कश्मकश की किसे परवाह है। जो संपन्न है उन्हें और समृद्ध होना है। जो निम्न-मध्य की रेखा में आते हैं वो अपने स्तर को सुधार करने को लालायित है। कठोरता के ऊर्ध्वाधर स्तरों में चार चांद लगाती महंगाई की बातें तो सिर्फ मुद्दों के समीकरणों में चुनावी विकर्ण तलाशने वाले नेताओं की पक्ष- विपक्ष की रस्साकशी तो देखते ही बनती है। चैनलों में डिबेट्स की तोड़ती मयार्दा में नाट्य रूपांतर से ज्यादा कुछ नहीं है। मगर वास्तविकता के धरातल पर जमीनी हकीकत कुछ और ही, आज भी सूने मर्तबान के जाले रचने लगे हैं। कई मलिन बस्तियों में रहने वाला परिवार भुखमरी की मार झेलते, पानी पकाकर पानी से पेट के ज्वाल की जंग लड़ रहे हैं। सपना सिर्फ इतना है कि मुर्ग-मसल्लम नहीं दो वक्त की रोटी का इंतजाम तो हो जाए। शायद इसलिए भी मद्द के दो-चार हाथों से बरसती रोटियों में मजहबी रंग तलाशना भूल, भूखे इंसानों के लिए गवारा है।

**सपना सिर्फ इतना है कि मुर्ग-मसल्लम नहीं दो वक्त की रोटी का इंतजाम तो हो जाए। शायद इसलिए भी मद्द के दो-चार हाथों से बरसती रोटियों में मजहबी रंग तलाशना भूल, भूखे इंसानों के लिए गवारा है।**

ऐसा नहीं है की पेट की मांग, भूख और रोजाना के एक दिन में जंग हारते लोगों की कमी नहीं है। ऐसे भूख के छद्म जंग में रोजाना कई लोगों की इहलीला की समाप्ति का सर्टिफिकेट बयान देते फांसी के फंदे भी अब करुण गुहार कर रही है। रोजाना एक ना एक भूख की मार से व्यथित और कौंधता कर ताँयफाँय में कुछ गलत कर ही बैठते हैं। मगर उनकी परवाह किसे हैं? हालिया समय में तो हम राष्ट्रवाद, क्षेत्रवाद या फिर धार्मिकता के विषयों को मत्थे चढ़ा बैठे हैं।

हर रात लगभग 10,000 बच्चे भूख से मर जाते हैं। हर 10 सेकेंड में एक बच्चा भूख से मरता है। ये दो आँकड़े हैं जो आप बहुत बार देखेंगे। यह हाल के आंकड़ों पर आधारित है जो बताता है कि भूख के कारण होने वाली मौतों की संख्या प्रति वर्ष 3.5 मिलियन जितनी अधिक होने की संभावना है। भारत में रोजाना भूखे सोने वाले लोगों की संख्या वर्ष 2010 में 12 करोड़, वर्ष 2019 में 19 करोड़ और वर्ष 2022 में 35 करोड़ है। ये आंकड़े दशार्ते हैं कि, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की स्वीकारोक्ति अपने आप में एक बड़ी विफलता है। मगर मुद्दों के गर्म तवे पर निम्न और मध्यवर्गीय परिवार को गर्म तेल में तलने वाली महंगाई पर नियंत्रण पर अभी चार राजनैतिक समाज के जानकारों और लोकतंत्र के चतुर्थ खंबे यानी मीडिया के लिए बड़ी सबब नहीं है। भूख की लड़ाई में शायद उतना क्रेज नहीं है जितना की और मुद्दों की है। अपने लड़खड़ाते कदमों को संभालते मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवार के मुखिया अपने आंसू छुपाए जीवन की गाड़ी को एड़ी चोटी के जोर लगाकर खींचे जा रहे हैं।

जानकारी

# मशहूर शहर मदुरई



मदुरई तमिलनाडु में दूसरा ऐसा स्थान है जहां पर आप घूमने जा सकते है। मदुरई वेगई नदी के तट पर स्थित है और लोगो का ये मानना है की ये भारत का दूसरा ऐसा पवित्र स्थल है जो प्राचीन है। इसके उत्तर दिशा में सिरुमलाई ओर दक्षिण दिशा में नागमलाई स्थित है हम आपको बता दे की इस शहर को नाम मथुरा से मिला है जिसका मतलब होता है ‘ मिठास ’ इस शहर को लोग और भी नामो से जानते है जेसे : सिटी ऑफ फोर जुनैक्शन्स, एथेंस ऑफ द ईस्ट, फेस्टिवल का शहर, लोटस सिटी और स्लीवलेस सिटी इस शहर को इसलिए इतने सारे नामो से जाना जाता है क्योंकि ये सभी नामो में कही न कही इस शहर के हिस्सा जुड़ा हुआ है। मदुरई में साल भर पर्यटको की भीड़ जमी रहती है क्योंकि यहां बहुत से ऐसे प्राचीन मंदिर है जोकि देखने योग्य है।

# ओप्पो लाई 20GB रैम, 5000mAh बैटरी, बजट फोन लांच



नई दिल्ली : Oppo ने पिछले महीने लॉन्च किए स्मार्टफोन Oppo A1 5G का नया एडिशन Oppo A1 Vitality Edition के नाम से पेश कर दिया है। फोन देखने में Oppo A58 5G का ही रिब्रैंडेड वर्जन लगता है जिसे कंपनी ने पिछले साल लॉन्च किया था। Oppo A1 Vitality Edition में 6.56 इंच का डिस्प्ले है जिसके साथ में 90लॣ९ का रिफ्रेश रेट है। यह साइज में काफी पतला है जो कि केवल 7.99 मोटाई का है। फोन में Dimensity 6020 चिपसेट दिया गया है। इसकी कीमत और स्पेसिफिकेशन की जानकारी नीचे दी जा रही है।

Oppo A1 Vitality Edition price

Oppo A1 Vitality Editionकी कीमत चीन में कंपनी ने 1799 युआन (लगभग 21 हजार रुपये) रखी है। इस फोन को क्वाइट सी ब्लू, स्टारी ब्लैक और फ्रेश विंड पर्पल में खरीदा जा सकेगा।

Oppo A1 Vitality Edition specifications

जैसा कि पहले बताया गया है, Oppo के इस नए फोन में 6.56 इंच का 90Hz रिफ्रेश रेट वाला डिस्प्ले मिलता है। इसमें 1612720 पिक्सल रिजॉल्यूशन मिलता है। पीक ब्राइटनेस 480 निट्स की है। टेक्नोबग के अनुसार, कुल मिलाकर फोन बजट में एक रिच व्यूइंग एक्सपीरियंस देने वाला डिस्प्ले ऑफर करता है। फोन में Dimensity 6020 चिपसेट का इस्तेमाल कंपनी ने किया है। यह प्रोसेसर A76 आर्किटेक्चर पर बना है। साथ में Mali-G57 GPU को भी पेअर किया गया है। फोन का खास फीचर इसका रैम एक्सपेंडेबल होना है। डिवाइस 12 जीबी रैम के साथ आता है। एक्सपेंड होकर यह 20 जीबी तक इस्तेमाल किया जा सकता है। यानि कि 8 जीबी तक एक्सपेंडेड रैम फीचर इसमें शामिल है। ओप्पो ए1 वाइटेलिटी एडिशन के कैमरा डिपार्टमेंट की बात करें तो इसमें 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा मिलता है, साथ में 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर मिलता है। फ्रंट में यह 8 मेगापिक्सल सेल्फी कैमरा के साथ आता है। फोन में 5000mAँ की बड़ी बैटरी शामिल है। इसके साथ में SuperVOOC 33W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी दिया गया है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



“पापुआ न्यू गिनी द्वारा मुझे कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगहू पुरस्कार प्रदान करने के लिए गवर्नर जनरल सर बॉब डाडे का आभार व्यक्त करता हूँ। यह भारत और हमारे लोगों की उपलब्धियों की एक बड़ी पहचान है।”

**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



“मैं उत्साहित हूं कि दृश्यम फ्रेंचाइजी कोरिया में बनाई जा रही है। इससे न केवल भारत के बाहर इसकी पहुंच बढ़ेगी बल्कि हिंदी सिनेमा को वैश्विक मानचित्र पर भी जगह मिलेगी। इन सभी वर्षों में, हम कोरियाई शैली से प्रेरित रहे हैं। अब उन्हें हमारी एक फिल्म में प्रेरणा मिल गई है। भारतीय फिल्म बिरादरी के लिए इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है।”

**कुमार मंगत**
निर्माता

संपादक के नाम पत्र

# मादक पदार्थो की हेराफेरी

देश को कमजोर करने के लिए नजर गाढ़े हुए देशद्रोही बाज नही आ रहे है। यूपी के महाराजगंज से चरस की खेप के साथ दो को गिरफ़्तार किया है।गुजरात और मुम्बई दरिया किनारे अक्सर करोड़ो की हेरोइन पकड़ी गई है। हर दूसरे महीने मादक पदार्थ के माध्यम से करोड़ो की काली कमाई की जा रही है।देश को खोखला करने के लिए पाकिस्तान के पास इससे बढ़िया मार्ग और कोई नही है। पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब साढ़े नौ करोड़ बताई है।जिसको गोरखपुर के रास्ते दिल्ली पहुंचाई जा रही है। देश मे नेपाल के रास्ते तस्करी होती आ रही है। युवाओ को नशे का जहर परोसकर देश को कमजोर किया जा रहा है।पाकिस्तान हमेशा भारत का बुरा सोचता है। महराजगंज में कई मामले दर्ज है।तस्करी कर करोड़ो की रकम का भुगतान किया जा रहा है।पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को धरदबोचा है।जिनके पास 16 किलो चरस मिली है। भारत मे हर समय इस तरह की घटना सामान्य है। लम्बे समय से काले कारोबार में लिप्त आकाओं ने चरस को बड़े दामों में दिल्ली बेचने के लिए भेजी गई थी।लेकिन पुलिस की सक्रियता से बबार्दी रुक गई है। महराजगंज के अलग अलग थानों में एनडीपीएस में कई मामले दर्ज है।मादक तस्करी में कई आरोपी पुलिस के हाथों पकड़े जाते है। देश मे कई राज्यो में मादक पदार्थो की तस्करी से करोड़ो की हेराफेरी हो रही है।देश के युवाधन को बचाने के लिए प्रयास जरूरी है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### मेडिकल दुकान से एक लाख की चोरी

**हजारीबाग** :हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के जैन पैट्रोल पंप के समीप स्थित क्लब फार्मा दवा दुकान से शटर का ताला तोड़कर एक लाख रुपए नगद चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। दुकान के संचालक सकेतपुरी निवासी विमलेश कुमार पिता कृष्नकान्त दुबे ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार रात को भी अपना दुकान बंद कर चले गए थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता का संपन्न

**पाकुड़** : जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा रविवार को बैंक कॉलोनी न्यू स्टेडियम में सातवा जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता- 2023 का समापन में मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी, मौजूद थे। दो दिवसीय जिला स्तर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2 दिनों में कुल 450 खिलाड़ियों ने लिया भाग। खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग निम्न स्पर्धा में पदक जीता। पदक विजेता खिलाड़ियों को बारी बारी मेडल पहनाकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अम्लान कुसुम सिन्हा, एवं प्रमोद नागालिया, बिन्नी जिला एथलेटिक संघ के उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रणवीर सिंह, राजेश कोल अशोक कुमार सिन्हा ,पंकज अग्रवाल, नारायण चंद्र राय, मृणाल चौरसिया ,राजा मुर्मू ,शिक्षक संतोष टूडू,अज्जू मंडल आदि ने सफल बनाया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रज्ञा केंद्र में फर्जी तरीके से बना रहा था पेपर हुआ गिरफ्तार

**महेशपुर**: जिला के महेशपुर प्रखंड के देवीपुर थाना रोड स्थित प्रज्ञा केन्द्र के संचालक बलराम मंडल ने प्रशिक्षु आईएस सह देवीपुर सीओ अनिमेष रंजन के डिजिटल हस्ताक्षर कर फर्जी ढंग से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के आरोप में अनिमेष रंजन के आदेशानुसार थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि राजपुरा पंचायत के राजस्व उपनिरीक्षक मुकेश मुर्मु ने देवीपुर अंचलाधिकारी अनिमेष रंजन को आवेदन देकर कहा कि थाना क्षेत्र राजपुरा पंचायत के सिरसिया गांव निवासी छोटी कुमारी पति सुदामा यादव पिता गुलटन महतो का जाति प्रमाण पत्र बीते दिन 17 मई 2023 को प्रज्ञा केन्द्र के संचालक बलराम मंडल द्वारा आवेदिका छोटी कुमारी आवेदन बीते चार दिन पूर्व 14 मई को पावती रसीद भेजा गया एवं लॉगिन आईडी से छोड़ देने के लिये बोला गया इसके पश्चात एक मोबाईल से फोन किया जो खुद को छोटी कुमारी का पति बतलाया और इनके द्वारा भी 14 मई को लॉगिन आईडी से छोड़ देने के लिये बोला गया।

### बिरसा हरित ग्राम योजना एवं सिचाई कूप योजना के लिए ग्रामसभा आयोजित

**पाकुड़**: बिरसा हरित ग्राम योजना एवं बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत लाभुकों का चयन हेतु जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का किया गया। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने महेशपुर प्रखंड के तेलियापोखर, बन्नोग्राम, छक्कूधारा एवं रोलाग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का जायजा लिया। प्राकृतिक संसाधनों के संवर्द्धन में निवेश को बढ़ाकर गांव के अति गरीब परिवारों हेतु आजीविका के स्थायी स्रोत का सृजन करने के उद्देश्य से मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**बैठक** उपायुक्त ने की समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

# केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें सीडीपीओ एवं एलएस : उपायुक्त

राष्ट्रीय खबर



**हजरीबाग** : हजारीबाग उपायुक्त, नैन्सी सहाय, की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में मुख्य रूप से श्रीमती इन्दू खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित थी। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कन्यादान योजना मद में आवंटन प्राप्त है। योग्य लाभुकों का आवेदन सृजित कर स्वीकृति हेतु समाज कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाड़ली योजना के अच्छादित 78074 लाभुकों में से 76657 लाभुकों के बीच एनएससी का वितरण किया गया है। शेष - 1417 लाभुकों का एनएससी. वितरण लंबित रहने पर मुख्य रूप से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कटकमसांड़ी, चुरचू, डाडी, विष्णुगढ़, हजारीबाग ग्रामीण, पदमा, चैपारण, केरेडारी को कड़ी फटकार लगाते हुए यथाशीघ्र संबंधित लाभुकों के बीच एनएससी वितरण करने का निदेश दिया गया। जिला अन्तर्गत सेविका के 22 एवं सहायिका के 18 पद रिक्त रहने पर अविलंब सभी रिक्त पदों पर चयन करने का निदेश दिया गया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया कि आँगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं के मानदेय मद में आवंटन अप्राप्त है। अतिरिक्त मानदेय का उपलब्ध कराया गया है, जिससे माह-अप्रैल 23 तक सभी आँगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं का भुगतान कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनान्तर्गत विभाग द्वारा सभी आँगनबाड़ी सेविकाओं/महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं बाल विकास परियाजना पदाधिकारियों का आईडी पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है, जिसे सभी परियोजना को भेजते हुए सत्यापित कर उपलब्ध कराने का निदेश गया है।

बाल विकास परियोजना, केरेडारी एवं चुरचू से उपलब्ध कराया गया है, शेष परियोजना को अविलंब सूची को सत्यापित कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सभी 1770 आँगनबाड़ी केन्द्रों में से 1718 केन्द्रों पर एलपीजी गैस आपूर्ति की गई है। शेष 52 केन्द्रों पर आपूर्ति के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण, कटकमसांड़ी एवं इचाक को एलपीजी गैस एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अविलंब गैस आपूर्ति कराने का निदेश गया। सरकारी भवन में संचालित सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली कनेक्षन लगाने का विभागीय निदेश है। अब तक 94 आँगनबाड़ी केन्द्रों पर ही बिजली कनेक्शन की गई है।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों द्वारा बताया कि बहुत से केन्द्रों पर पूर्व की गई बिजली वायरिंग खराब हो चुकी है, जिस पर उपायुक्त महोदया ने कहा कि वैसे केन्द्रों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध करायें, ताकि डीएमएफटी मद से वायरिंग कराया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में 103 केन्द्रों को मॉडल केन्द्र के रूप से विकसित किया गया है, जिसमें प्ले स्कूल से संबंधित सभी प्रकार की सामग्री आपूर्ति की गई।

भू माफियाओं द्वारा मठ का

## जमीन जबरन कब्जा करने के मामले में ग्रामीणों ने दिया थाना में आवेदन

राष्ट्रीय खबर

**इचाक** : हजारीबाग भू माफियाओं द्वारा जबरन भगवती मठ ईचाक का जबरन जमीन कब्जा करने के मामले में विरोध करते हुए थाना में दिया आवेदन एवं कार्रवाई की मांग किया है ।आवेदन में लिखा है कि खाता नंबर 553 प्लॉट नंबर 1455, 1456 एवं 1457 1.73 एकड़ पर जबरन हाई कोर्ट केस संख्या 5669/ 2022 सदर अनुमंडल केस नंबर 295 28 जुलाई 2022 हजारीबाग न्यायालय धारा 144 के तहत विचाराधीन है। फिर भी भूमाफियाओं द्वारा जबरन कब्जा करने वाले में गुंजा निवासी सुनील मेहता ,विनय कुमार राम बरका सायल कला निवासी एवं अशोक ठाकुर धरमु ग्राम निवासी शामिल है। क्या कहते हैं सुनील मेहता ने कहा कि 144 धारा टूट चुका है और डिग्री हम लोगों के पक्ष में सुनाया है। उसके बाद ही हम लोग काम चालू किए हैं । रही बात हाईकोर्ट की तो इस जमीन के मामले में किसी प्रकार का केस स्टैंड व रजिस्टर्ड नहीं हुआ है। विनय राम ने कहा कि भागवती मठ का जमीन अलग है ।एवं जिस प्लॉट पर हम लोग काम कर रहे हैं। वह अलग है ।मठ का जमीन से हम लोगों का कोई लेना देना नहीं है ।आवेदन देने वाले में ब्रह्मदेव पांडे ,अशोक कुमार ,शंभू दास, राजेंद्र पांडे, गजेंद्र कुमार, राजेश कपरदार समेत कई ग्रामीण शामिल है।

एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना से

## एक मिलियन मीट्रिक टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा हुआ पार



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग एनटीपीसी चट्टी बारियातू कोल माइंस बहुत कम समय में एक साल पहले 21मई 2022 को परियोजना ने कोयला सीम को टच किया था। और पूरे एक साल के अंतराल में ही परियोजना द्वारा एक यह रिकार्ड बनाया गया जो कि सराहनीय कार्य है। चट्टी बरियातु परियोजना प्रमुख अनिमेष जैन के मार्गदर्शन में परियोजना ऐसे ही आगे कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर श्री जैन ने सभी ग्रामीणों, जिला प्रशासन एवं सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की एनटीपीसी आने वाले समय में भी इसी तरह नए-नए रिकार्ड स्थापित करेगी। 29 नवंबर2022 को चट्टी बरियातु में हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे की उपस्थति में कोयला उत्पादन की शुरूआत हुई थी। परियोजना कि इस उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के पूर्ण सहयोग एवं परियोजना के सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों एवं ग्रामीणवासियों को जाता है। चट्टी बरियातु परियोजना से प्रति वर्ष सात मिलियन टन कोल उत्खनन का चरम लक्ष्य निर्धारित किया है। 21वीं सदी के आत्मनिर्भर भारत में कोयला की आपूर्ति करने में एनटीपीसी चट्टी बरियातु परियोजना अपना अहम योगदान देगी। एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजनाओं द्वारा नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत विस्थापित ग्रामों में तरह-तरह के समाजिक कल्याण के कार्य नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं जैसे कि ट्रैनिंग केन्द्र, मेडिकल कैम्प सुविधा, स्व रोजगार प्रशिक्षण, वितरण समारोह आदि।

## चोरों ने लाखों के जेवर व नगदी उड़ाया



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़**: पाकुड़ में इन दिनों चोर चोरी की घटना को अंजाम देना शुरू कर दिया है। ताजा मामला मालपहाड़ी ओपी थाना क्षेत्र के चेंगाडांगा गांव की है। जहां बेखौफ चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए करीब 3 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया। चोरों ने घरों से गहने रुपए मोबाइल फोन समेत कई कीमती सामान की चोरी कर ली है। दरअसल चेंगाडांगा निवासी दोस मोहम्मद शेख के घर में चोरों ने धावा बोलकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। दोस महम्मद ने बताया कि घर के सभी सदस्य रात के करीबन 11:30 अपने अपने घर में सोने चला गया। सुबह जब नींद खुला तो उनके होश उड़ गए। महिलाएं दौड़ कर कमरे में पहुंची जहां बक्से व अलमारी खुली पड़ी थी और सामान नदारद था। जहा चोर कमरे में रखी अलमारी बक्सों से नगदी,बर्तन व जेवरात समेत अन्य सामान ले गए। दोस महम्मद के पुत्र सलमान शेख ने बताया कि पता नहीं क्या कुछ कारण से आज सुबह नींद खुल नही रही थी।

## पांच दिवसीय 'वार्षिक उत्सव' कार्यक्रम हुआ संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल परिसर में स्थित श्रीनिवस इंस्टिट्यूट ऑफ पारामेडिकल साइंसेस में पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि परी फाउंडेशन के निदेशक रोली गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अविनाश कुमार शामिल होकर दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कॉलेज के कई प्रतिभागियों ने बढ चढ कर भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भक्ति एवं धार्मिक की अनूठा संगम पेश किया गया। कार्यक्रम में बहुरंगी प्रतिभा की झलक भी दिखी। मनमोहक प्रस्तुतियों के संग अतिथियों एवं दर्शकों की तालियां बटोरी। संस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष विजेता बनी। इस मौके पर मुख्य अतिथि रोली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्कृति हमारी अमुल्य धरोहर है। हमें संजोकर रखने की आवश्यकता है। संस्कृति को बचाने के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों से विद्यार्थियों में सवंर्गीण विकास होता है। समाज और देश के हित में सुनागरिक बनाकर जीवन क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ने और अच्छे समाज के निर्माण में मदद मिलती है।

**शुभारंभ** स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत जिले में शुभारंभ हुए 4 उत्कृष्ट विद्यालयों में से

# प्लस टू कन्या पोखरिया स्कूल को मिले 3 नए शिक्षक

राष्ट्रीय खबर



**साहिबगंज:** स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत जिले में शुभारंभ हुए 4 उत्कृष्ट विद्यालयों में से प्लस टू हाई स्कूल कन्या पोखरिया को शिक्षा विभाग ने तीन और ने चित्रों से सुसज्जित किया है। स्थापना समिति में लिए गए निर्णय के बाद उक्त विद्यालय में संस्कृत, गणित व विज्ञान तथा इतिहास व समाज विषय के एक-एक नए शिक्षक पदस्थापित किया गया। दरअसल बीते 2 मई से जिले में शुरू हुए उत्कृष्ट विद्यालयसीबीएसई बोर्ड से संबंध होंगे और यहां इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई की व्यवस्था सरकार की ओर से की गई है। ऐसे में उक्त विद्यालयों को सीबीएसई ओर आईसीएसई बोर्ड से संबंध रखने वाले प्रशिक्षित शिक्षकों को पदस्थापित किया जाना था ताकि वहां इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई निर्वाध तरीके से हो सके। इसके लिए अभी हाल में ही योगदान करने वाले 33 माध्यमिक शिक्षकों में से वैसे शिक्षकों का चयन किया गया है, जो सीबीएसई ओर आईसीएसई बोर्ड से संबंध रखते हो।इसके अलावा जिले के शेष बचे तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में भी शिक्षक को पदस्थापित किया जाना था लेकिन प्लस टू बीडी हाई स्कूल सकरीगली में शिक्षकों का एक भी अस्थान रिक्त नहीं रहने से वहां एक भी मैसेज को पदस्थापित नहीं किया गया। इसी प्रकार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय साहिबगंज और मॉडल स्कूल बरहेट में संविदा आधारित शिक्षकों को पदस्थापित करने का प्रावधान रहा है जिस कारण उन स्कूलों में शिक्षा विभाग की ओर से एक भी नए शिक्षक पदस्थापित नहीं किए गए।

**बदल जाएंगे उत्कृष्ट विद्यालयों का नाम**

स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत जिले में शुरू हुए चार उत्कृष्ट विद्यालयों का नाम अब बदल जाएंगे। इन विद्यालयों का नाम अब मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय हो सकता है। दरअसल उक्त विद्यालयों में नामांकन को लेकर प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में सरकार की ओर से मिले निर्देश के आलोक में नामांकन को लेकर होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए जारी होने वाले एडमिट कार्ड में विद्यालय का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लिखने का निर्देश शिक्षा विभाग को मिला है। ऐसे में या प्रबल संभावना है कि अब उत्कृष्ट विद्यालयों का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय होंगे।

**30 व 31 को होगी प्रवेश परीक्षाः**

उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन को लेकर 30 और 31 मई को संबंधित स्कूलों में प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित होगा। दरअसल कक्षा 6 से 8 तक में नामांकन के लिए 30 मई को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा वही बाल वाटिका एवं केजी 1 में नामांकन के लिए 31 मई को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। प्लस टू कन्या पोखरिया हाई स्कूल साहिबगंज में बाल वाटिका एवं के जी 1 में नामांकन को लेकर शिक्षा विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई। यहां दोनों कक्षाओं में 40-40 बच्चों का नामांकन किया जाना है। जिसके लिए अभी तक विभाग को पर्याप्त मात्रा में आवेदन फॉर्म भी नहीं मिले हैं। हालांकि आवेदन की तिथि 25 मई तक निर्धारित की गई है। वहीं 26 और 27 मई को मिले आवेदन का स्कूटनी किया जाना है। वहीं 30 और 31 को आयोजित होने वाले प्रवेश परीक्षा के बाद 7 जून को रिजल्ट सह चयनित बच्चों की सूची प्रकाशित की जाएगी।

## न्यूज फटाफट

### आरोग्यम ब्लड बैंक के सौजन्य सेआइसेक्ट यूनिवर्सिटी में लगाया गया रक्तदान शिविर




**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर के आइसेक्ट यूनिवर्सिटी में एनएसएस इकाई के बैनर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर आरोग्यम ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया। रक्तदान शिविर में 23 लोगो ने रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश की है। रक्तदान शिविर का उद्घाटन आईसेक्ट यूनिवर्सिटी के कुल सचिव डॉ मनीष गोविंद ने किया। जिसके बाद उन्होंने स्वयं रक्तदान कर मानवता के प्रति एक मिसाल पेश किया उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। और मैं स्वयं हर 3 माह के बाद रक्तदान करता हूं। जिसके बाद रक्तदान शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। विश्व विद्यालय में कार्यरत लोगों ने कहा कि शिक्षा देने के साथ हमें सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी दृष्टिकोण को हमेशा सजग रखनी चाहिए। उसी मार्गदर्शन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि प्रचंड गर्मी में रक्त की कमी से कोई परेशान ना हो। मौके पर आइसेक्ट यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ मनीष गोविंद ने कहा कि यूनिवर्सिटी सदैव सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करती है इसी के दृष्टिकोण से यूनिवर्सिटी परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है इस आयोजन में यूनिवर्सिटी परिवार के सदस्य रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश करते हैं सभी रक्त दाताओं को मेरा आभार साथ ही कहा कि इंसानियत बनाए रखने के लिए रक्तदान आवश्यक। आरोग्यम के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने आइसेक्ट यूनिवर्सिटी परिवार का आभार जताया साथ ही उन्होंने सभी रक्त दाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने समाज के प्रति एक मिसाल पेश किया है।

### चाणक्या आईएएस एकेडेमी के सहयोग से राजनीति विज्ञान विभाग में करियर काउंसिलिंग



**हजारीबाग** : हजारीबाग विनोबाभावे विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान स्नात्कोत्तर विभाग में सोमवार को चाणक्या आईएएस एके-डेमी के सहयोग से विद्यार्थियों की करियर काउंसिलिंग की गई। चाणक्या के ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार ने कहा कि छात्र छत्राओं ने अपने अपने लक्ष्य निर्धारित कर सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी करने पर कामयाबी मिलेगी। इस दौरान दूसरी प्रतियोगिता परीक्षाओं से दूर रहें। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तैयारी के साथ राज्य लोक सेवा आयोग की तैयारी स्वयं हो जाती है। इसके लिए अलग से तैयारी करने की जरूरत नहीं है।. उन्होंने प्रश्नों के पैटर्न और उत्तर लिखने के तरीके से बताए।. साथ ही साक्षात्कार में तौर-तरीके के भी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की मुख्य परीक्षा पर ध्यान केंद्रित कर तैयारी करें ।इससे पहले विषय प्रवेश कराते हुए काउंसिलिंग की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ0 सुकल्याण मोइत्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रायबहादुर सिंह ने दिया। मौके पर चाणक्या आईएएस एकेडेमी की पूजा कुमारी और अभिषेक कुमार भी मौजूद थे।

### कोयल रिवर फ्रंट परिसर में वाहन पार्क करने वालों की खेर नहीं



**मेदिनीनगर**: नगर आयुक्त रवि आनंद ने मेदिनीनगर के कोयल रिवर फ्रंट परिसर के अंदर पार्क की गयी बाइक को रविवार शाम जब्त कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया। बता दें कि कोयल रिवर फ्रंट परिसर के अंदर वाहन पार्क करने की सख्त मनाही है। आये दिन कोयल रिवर फ्रंट परिसर में अनावश्यक रूप से वाहन खड़ी कर दी जाती है। जिसके मद्देनजर नगर आयुक्त ने यह कार्रवाई की है। इस बाबत नगर आयुक्त रवि आनंद ने बताया कि शहर में नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर वाहन जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोंगो से अपील किया कि कोयल रिवर फ्रंट परिसर के आस पास कचरा न फैलाएं, इसे साफ व स्वच्छ रखें ये हमारी नैतिक जिम्मेवारी होनी चाहिए। नगर निगम क्षेत्र को सुंदर व स्वच्छ बनाने में नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें ताकि हम स्वच्छ वातावरण का सुखद लाभ ले सके।

### नाबालिग से शादी रचाने वाले शख्स को पुलिस लिया हिरासत में

**मेदिनीनगर**: पलामू पुलिस ने हस्तक्षेप कर रविवार को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में 12 वर्षीय नाबालिग की शादी रुकवा दी। लड़की के परिजन उसकी शादी 45 वर्षीय एक शख्स से करा रहे थे। पुलिस ने शख्स को हिरासत में लेकर शहर थाने में रखा है। यदि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्राथमिकी दर्ज कराते हैं तो शख्स के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। बालिका को बालिका गृह भेजा जा रहा है ।जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में शहर थाना क्षेत्र की रहने वाली 12 वर्षीय बालिका की शादी 45 वर्षीय युवक के साथ हो रही थी। किसी ने टोल फ्री नंबर 1098 पर चाइल्डलाइन को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, सीडब्ल्यूसी और चाइल्डलाइन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। पुलिस जैसे ही ठाकुरबाड़ी पहुंची, लड़की के परिजन व अन्य मौके से फरार हो गये। पुलिस दूल्हे को हिरासत में लेकर शहर थाने ले आयी ।सीडब्ल्यूसी सदस्य धीरेंद्र किशोर ने बताया कि 12 वर्षीय बालिका के बाल विवाह की शिकायत मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शादी रुकवा दी। पुलिस ने बच्ची को संरक्षण में लेकर शेल्टर होम में रखने का फैसला किया है।

### टी वी चेपियन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**पाकुड** :सदर अस्पताल पाकुड़ के सभागार में जिला यक्ष्मा केंद्र पाकुड़ द्वारा लिट्टीपारा, हिरणपुर एवं पाकुड़ सदर के 25 टी। वी। चेपियन का 3 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत सिविल सर्जन पाकुड़ डॉ मंटु टेकरीवाल द्वारा किया गया। सिविल सर्जन टेकरीवाल द्वारा सभी प्रतिभागी को बताया गया की टी। वी। चैंपियन अपने गाँव क्षेत्र में सभी ग्रामीणों को टी। वी। के प्रति जागरूक करेंगे। लोगों को स्वास्थ सुविधाओ के बारे में भी जागरूक करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य सुविधा से अवगत होंगे एवं लाभ ले पाएंगे। आपके प्रयास से ही पाकुड़ जिला को टी। वी। मुक्त किया जा सकता है।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नजर प्रदेश
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

प्रदेश >> अपडेट

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम सन्तोष कुमार की अदालत ने वृद्ध दंपति के हत्याकांड के मामले में आरोपी कुंड मोहल्ला, डाल्टनगंज निवासी शिवम पाण्डेय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई ।साथ ही 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया हैं।. अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को 2 साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी ।इस मामले में 12 अगस्त 2021 को शहर थाना में सूचक अरुण कुमार के द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि उनके पैतृक आवास कुंड मोहल्ला सूचक के पिता राजेश्वर नाम (82)तथा उनकी मां शर्मिला देवी (75) रहते थे। 12 अगस्त 2021 को उसके छोटे भाई ने रांची से मोबाइल पर सूचना दी कि माता-पिता के साथ कोई घटना हुई है।

लोडशेडिंग

### भीषण गर्मी में बिजली आंख मिचौली बना परेशानी का सबब

# बिजली की लोडशेडिंग से बेहाल है उपभोक्ता

- शहर में लोग छतो पर सोने के लिए मजबूर हैं
- लो वोल्टेज परेशानी का सबब बना हुआ है
- बिजली की समस्या चरम पर पहुंच गया है
- गर्मी बढ़ने के कारण पिक आवर में मांग बढ़ गया है




राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू जिले में बिजली की आंख-मिचौली और लोड सेटिंग से आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। दिन में भीषण गर्मी से लोगों का हाल बुरा है वही रात बिजली की कटौती से बेचैनी में कट रहा है। शहर में लोग छतो पर सोने के लिए मजबूर हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में घर के बाहर चारपाई पर सोने के लिए मजबूर हैं। बिजली नही रहने के कारण पानी भी टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है। लो वोल्टेज परेशानी का सबब बना हुआ है।जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर समेत जिले के सभी शहर और सभी 265 पंचायतों में एक ही हालात है। बिजली की भारी कटौती से लोगों के कामकाज पर भी बुरा असर पड़ा है। शहरों में चार से छह घंटा बिजली गुल रह रही है जबकि ग्रामीण इलाको में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। मेदिनीनगर हमीदगंज निवासी सह गृहणी रेनू तिवारी ने बताया कि शाम होते ही बिजली करना शुरू हो जाता है। बिजली नही रहने के कारण बहुत परेशानी होती है। छतरपुर कऊवल निवासी विनय विश्वकर्मा ने बताया कि बिजली की समस्या चरम पर पहुंच गया है। रात में छत पर सोना पड़ रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता बीरेंद्र कुमार ने बताया की नीलांबर पीतांबरपुर में बिजली की घोर संकट हो गया है। एक तरफ गर्मी से लोगो काजीना मुहाल हो गया है वहीं बिजली की कटौती नाक में दम कर रखा है। छतरपुर निवासी सह गृहणी सीतल वर्मा ने बताया कि गर्मी के साथ बिजली की समस्या बहुत परेशान कर रहा है।झारखंड बिजली आपूर्ति वितरण निगम लिमिटेड के मेदिनीनगर डिवीजन के कार्यपालक अभियंता एसएन चौधरी ने बताया कि डाल्टनगंज डिविजन में बिजली की स्थिति में सुधार है। गर्मी बढ़ने के कारण पिक आवर में मांग बढ़ गया है। शहरो और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सामान्य रूप से मिले इसका खास रूप से ध्यान रखा जा रहा है। रात में परेशानी हो रही है। सामान्य रूप से मेदिनीनगर डिविजन में 50 मेगावाट बिजली की जरूरत होती है जो रात में बढ़कर 75 मेगावाट तक पहुंच जा रही है। मांग की अपेक्षा आपूर्ति कम होने के कारण बिजली की कटौती करनी पड़ रही है। छतरपुर डिविजन के कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने बताया कि 12 से 14 मेगावाट बिजली की जरूरत होती है लेकिन दो से तीन मेगावाट ही आपूर्ति हो रही है जिससे लोड शेडिंग मजबूरी है।

न्यूज फटाफट

## पहली नोटबंदी पर पर्दा डालने के लिए की गई दूसरी नोटबंदी: मनोवर



**हिरणपुर (पाकुड़):** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोबर आलम ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 2,000 रुपये के नोट को सितंबर 2023 के बाद चलन से बाहर होने की घोषणा की है। प्रखंड अध्यक्ष मनोबर आलम ने केंद्र पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या नोटबंदी रूपी गलत निर्णय पर पर्दा डालने के लिए यह दूसरी नोटबंदी की गई। इसकी निष्पक्ष जांच करे तो पूरी सच्चाई सामने आयेगी। पहली नोटबंदी से अर्थव्यवस्था को एक गहरा जख्म दिया था, जिससे पूरादेश तबाह हो गया, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) ठप हो गए और करोड़ों रोजगार गए जनता बेरोजगार हुए। 8 नवम्बर 2016 में जब प्रधानमंत्री जी द्वारा नोटबन्दी की घोषणा की गई थी तब भाजपा सरकार की ओर से कहा गया था कि आतंकवाद, भ्रष्टाचार और कालाधन पर अंकुश लगाने के लिए उद्देश्य से देशहित में ये फैसला लिया गया है ।आज 2000 का नोट बंद कर सरकार ने ये साबित कर दिया कि नोटबंदी पूरी तरह इन उद्देश्यों को पूरा कर पाने में विफल रही है। उसके उलट नोटबंदी से हजारों लोगों की जान चली गई, साथ ही नोटबन्दी भारतीय अर्थव्यवस्था की लिए एक अभिशाप साबित हुआ है। भ्रष्टाचार के नाम पर हर बार देश की जनता को परेशान करना, लगता है केंद्र सरकार की नीति बन चुकी है ।अभी लोग ठीक से संभाल नही पाए है कि एक और नोटबंदी। अब देश की जनता जाग चुकी है। 2024 के चुनाव में देश की जनता अपना सारा भड़ास निकालने वाली है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि



**पाकुड़ :** स्थानीय कांग्रेस भवन,पाकुड़ में रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार उर्फ बलई सरकार के अध्यक्षता में मनाई गई। श्री सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान देश को विकास के पथ पर ले जाने, देश की एकजुटता बनाए रखने एवं विदेश नीति को बेहतर ढंग से चलाने सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मंसारूल हक, प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, मीडिया प्रभारी नलिन मिश्रा, जिला महासचिव अवधेश कुमार झा, नवीन सिंह, जहीरुल इस्लाम, रामविलास महतो, अतिउर रहमान, मतीउर रहमान, गैब्रियल हेंब्रम, साकिर हुसैन, रजीकुल इस्लाम, असरफुल शेख, वसिकुल शेख, आसिफ इकबाल, असमाहुल हक, शाहबाज आलम, मंसूर शेख आदि मौजूद थे।

## महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** हैदर नगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पारता में आज से शुरू हो रहे श्री श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भव्य कलश जल यात्रा निकाली गई। कलश जल यात्रा में भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह शामिल होकर भक्तगणों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यज्ञ प्रकृति के निकट रहने का साधन है। रोग-नाशक औषधियों से किया यज्ञ रोग निवारण वातावरण को प्रदूषण से मुक्त करके स्वस्थ रहने में सहायक होता है। ग्रामीण परिवेश में पारंपरिक गाजे बाजे के साथ सुसज्जित कलश यात्रा में आसपास के क्षेत्र के कई महिला पुरुष व युवा श्रद्धालु पारता सोन नदी के तट पर पहुंचे जहां विद्वान पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरी कराया गया। कलश जल यात्रा में गुप्तेश्वर पांडेय, राम प्रवेश सिंह, मुखिया कमल किशोर कौशल, पुर्व मुखिया दिनेश पासवान, सुनिल पांडेय ,विवेकानंद सिंह,बहादुर सिंह सहित हजारों महिला व पुरुष तथा युवा भक्तगण शामिल थे।

## स्कॉर्पियो के धक्के से दो मजदूर घायल

**पलामू :** फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने जा रहे दो मजदूरों को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने सोमवार को सुलतानी मोड़ के समीप धक्का मार दी। जिससे बलरा निवासी मृत्युंजय पासवान और निर्भय पासवान घायल हो गए। घायलों में निर्भय पासवान की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आस पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लोग जुटे और घायलों को तत्काल सीएचसी लाकर प्राथमिक उपचार कराया। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए निर्भय पासवान को बेहतर ईलाज के लिए तत्काल रेफर कर दिया। जबकि पुलिस ने उक्त स्कार्पियो एचआर 12आर 6005 नम्बर की गाड़ी को जप्त कर ली है। इस घटना से आहत आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 98 सड़क को करीब 1 घंटा तक जाम भी रखा। बाद में घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटवाया।

# झामुमो नेता दुर्गा सोरेन को किया याद



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झामुमो नेता दुर्गा सोरेन की 14 वीं पुण्यतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकुड़ के जिला अध्यक्ष श्याम यादव के निजी कार्यालय में दर्जनों कार्यकताओं के द्वारा दुर्गा सोरेन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दुर्गा सोरेन की कमी हम सबको आज खल रही हैं आज वे हमारे बीच रहते तो बात कुछ और होती। दुर्गा सोरेन युवा कर्मठ एवं ओजस्वी नेता थे उनका जीवन जुझारू एवं संघर्ष पूर्ण रहा। उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए मौके पर उमर फारूक जिला सचिव महमूद आलम सदस्य जिला कमेटी मनोज चौबे जिला अध्यक्ष मजदूर मोर्चा सुशीला देवी जिला सचिव महिला मोर्चा सुशीला हेंब्रम संयुक्त सचिव महिला मोर्चा मोहम्मद सलाउद्दीन उर्फ गाजी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पाकुड़ मुसलोदीन शेख प्रखंड अध्यक्ष पाकुड़ अजफारुल शेख प्रखंड उपाध्यक्ष पाकुड़ मुकेश सिंह नगर अध्यक्ष पाकुड़ रियाज अंसारी नगर सचिव प्रकाश सिंह अली शेख दीपू सेख आदित्य तिवारी नगर उपाध्यक्ष पाकुड़ दयानंद भगत राजू सिंह दौलत शेख वसीम अकरम कमल राऊत राहुल शाह बारिक सेख सईदुर शेख मुबारक हुसैन फिरोज शेख अंगूरी बीबी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध कोयला लदे पिकअप वाहन को छापामारी कर किया जप्त



**महेशपुर (पाकुड़):** थाना प्रभारी महेशपुर संतोष कुमार ने एसआई कपिलदेव रविदास तथा पुलिस बल के साथ गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के धावाडंगाल गांव के समीप शनिवार देर रात 12:30 बजे अवैध कोयला लदे एक पिक अप वाहन संख्या डबल्यूबी 53 ए 6520 को जब्त किया है। जब्त किए गए अवैध कोयला लदे पिक अप वाहन को महेशपुर थाना परिसर में लाकर रखा गया है। इस संबंध में जानकारी लेने पर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि धावाडंगाल गांव के समीप एक स्थान पर कोयला जमा कर पिक अप वाहन में लोड किया जा रहा है। सूचना मिलते ही तत्काल छापेमारी कर करीब 10 टन अवैध कोयला लदे पिक अप वाहन को जब्त किया गया है। मौके से पिक अप वाहन का चालक भाग निकला था। अवैध कोयला लदे पिक अप वाहन को थाने लाया गया है। जिस जगह पर अवैध रुप से कोयला जमा किया हुआ था। उसके खिलाफ तथा जब्त किए गए अवैध कोयला लदे पिक अप वाहन के मालिक व चालक के खिलाफ अग्रेतर कारवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने की कारवाई की जा रही है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने विधिक सेवाएं सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विधिक सेवाएं सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पाकुड़ अजय कुमार गुड़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि विधिक सेवाएं सशक्तिकरण शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति पैसे की कमी के कारण न्याय पाने से वंचित न रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के ऐसे जरूरतमंद लोगों को न्यायिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शिविर का आयोजन कर लोगों को जागरूक करते हुए इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। शिविर में आपूर्ति विभाग की ओर से चार लाभुकों के बीच धोती,साड़ी,लूंगी का वितरण किया गया। वही छह लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति का पत्र प्रदान किया गया।

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी हेतु पांच लाभुकों को प्रमाण पत्र दिया गया। जबकि बिरसा संवर्धन योजना के तहत चार लोगों को सिंचाई कूप स्वीकृत होने संबंधित प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अजफर हुसैन,विश्वास पैनल अधिवक्ता साइमन मुर्मूल,पीएलबी ज्योति कुमारी,विजय कुमार राजवंशी सहित बीडीओ उमेश मंडल, बीपीआरओ प्रसनजीत मंडल, सहायक अभियंता उत्तम वैद्य,उप प्रमुख नसीमा खातून,अंचल निरीक्षक राजेश कुमार साहा, डॉ. अंजनी कुमार भगत,20 सुत्री सदस्य कलाम अंसारी,महबूब आलम,प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष नसीम अहमद,जिला परिषद सदस्य बैधनाथ कोड़ा,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां, बीपीओ रिजवान फारुकी, पंचायत प्रतिनिधि कार्यालय कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## छात्रा से दुष्कर्म के अरोपी को मिले कड़ी सजा: समिति



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगड़ा में 16 वर्षीय अनुसूचित जाति के 9वीं क्लास की छात्रा के साथ मानवता को शर्मसार करने वाली सामूहिक दुष्कर्म की घटना से पासवान समाज में भारी आक्रोश है। इसे लेकर हरिहरगंज के दिव्या अस्पताल में सोमवार वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक हुई। बैठक में घटना की सामुहिक निंदा की गई। पारित प्रस्ताव में यह कहा गया कि इस घटना की जितनी निंदा की जाय, कम होगी। साथ ही प्रशासन से अविलंब दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग की गई है। मांग करने वालों में समिति के प्रमंडलीय सचिव मुखिया जितेन्द्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष गुप्ता पासवान , डॉ संजय पासवान, प्रखण्ड अध्यक्ष रामजी पासवान , डॉ गणपत पासवान , अनिल पासवान , विनोद लाल , रामविश्वास पासवान , परीखा पासवान आदी का नाम शामिल है। बता दें कि बीते 18 मई को उक्त नाबालिग छात्रा के परिजन एक शादी समारोह में शामिल होने सतबहिनी गए हुए थे। जिस दौरान छात्रा को घर में अकेली पाकर झरगड़ा के ही 6 युवकों ने छात्रा का अपहरण कर सामुहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था।

धरना

### नई पेंशन नीति के विरोध मे रेलवे मेंस यूनियन ने रखा एक दिवसीय उपवास

# केंद्र सरकार खाली पदों को कर रही समाप्त : अखिलेश

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के तत्वाधान में रेलवे मेन्स यूनियन पाकुड़-शाखा के द्वारा स्टेशन प्रबंधक कार्यालय, पाकुड़ के समक्ष नई पेंशन योजना के विरोध में शाखा के कार्यकताओं के द्वारा शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे के अध्यक्षता में एक दिवसीय उपवास धरना प्रदर्शन किया गया। शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने बताया कि गत फरवरी महीने से ही ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के आह्वान पर पूरे देश में उससे संबद्ध संगठनों ने क्रमबद्ध एवं शांतिपूर्ण तरीके से महीने की 21 तारीख को नई पेंशन योजना के




विरोध में धरना, प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन कर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि 2004 के बाद नियुक्त केंद्रीय कर्मचारियों को नई पेंशन योजना में लाया गया है, आज जो कर्मचारी इसी योजना में शामिल है। उन्हें सेवानिवृत्ति के पश्चात मात्र 900 से लेकर 2000 तक प्रतिमाह पेंशन दिया जा रहा है, जिससे उनका जीवन कठिन हो गया है, जबकि देश में सांसद, विधायक सभी पुरानी पेंशन योजना का लाभ ले रहे है। यहां तक कि वह दो-दो पेंशन योजना का लाभ लेते हैं और तो और सांसद, विधायक महज केवल शपथ लेने से ही पेंशन के हकदार हो जाते हैं। एक कर्मचारी 30 वर्षों तक सेवा देने के बाद भी इस योजना से वंचित रह जाता है। प्रत्येक रेलवे कर्मचारी प्रतिमाह 5000 आपना अंशदान करता है ,तो उसे सेवानिवृत्ति के बाद मात्र 900 से रुपया से लेकर 2000 तक पेंशन दिया जा रहा है।

केंद्र सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। केंद्र सरकार पिछले दरवाजे से लगातार खाली पदों को समाप्त करती जा रही है और रेलवे में रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। सरकार रेलवे का निजीकरण करके युवकों को निजी कंपनियो के हाथों शोषित होने पर मजबूर कर रही है। शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे ने बताया कि सरकार नई श्रमिक नीति के माध्यम से काम के घंटा को 8 घंटे से बहाकर 12 घंटा करना चाह रही है। जिसका विरोध लगातार किया जा रहा है। संजय कुमार ओझा ने आगे बताया कि उपवास कर सरकार को संदेश देना चाहते हैं कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया।

उपवास कार्यक्रम में निलेश प्रकाश, विक्टर जेम्स, फजल रहमान, विक्रम भारती, अमर मल्होत्रा, अरुण कुमार साहा, कलीम अंसारी, गुंजन कुमार, सुधीर कुमार, पिंटूलाल पटेल, संतोष कुमार, पंकज कुमार, गौतम कुमार यादव, संजीव कुमार,श्यामल कुमार माल, भागवत प्रसाद शर्मा, राम कुमार यादव सैकड़ों कर्मचारीगण शामिल हुए।

## खेल को अपनाकर जिले का नाम रोशन करें खिलाड़ी: अम्लान



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** रविवार को जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा बैंक कॉलोनी न्यू स्टेडियम में सातवीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता- 2023 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी, सचिव रणवीर सिंह, सुजीत विद्यार्थी ने की। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिलेभर से विभिन्न इवेंट के लिए कुल 350 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 एवं सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने विभिन्न इवेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी शामिल है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, गोला फेंक, भाला फेंक प्रतियोगिता शामिल है। पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि टीम वर्क और डिसिप्लिन सफलता का मूल मंत्र है। एक दूसरे से मदद लें और मदद करें। कोई भी हारने वाले खिलाड़ी इस इवेंट को अंतिम रूप में ना लें, बल्कि आप और ज्यादा मेहनत करें और जो खामियां हैं उसे दूर करें।

## शहर >> अपडेट

### दो दिनों से लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**पेटरवार** : पेटरवार अपने घर से दो दिनों से गायब ओरदाना गांव निवासी युवक ओम प्रकाश शर्मा उर्फ विक्की (25 वर्ष) का शव सोमवार को पेटरवार पुलिस ने मृतक युवक के घर के पीछे स्थित एक कुंए से बरामद की। ओरदाना गांव निवासी शास्त्री पाल ठाकुर का पुत्र 20 मई की संध्या करीब साढ़े 6 बजे से लापता था पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार ने घर के पीछे स्थित एक कुंए में तैरती हुई स्थिति में बरामद की।

## सिटी अपडेट्स >>

### भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाई गई मण्डा पुजा

**पेटरवार** : पेटरवार प्रखंड के पंचायत ओरदाना में मण्डा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित भोक्ता पर्व रविवार की रात्रि से लेकर सोमवार के प्रथम प्रहर तक भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान शिवालय में पूजा- अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बिशु पर्व के दौरान बंगाल से आये छौऊ नृत्य कलाकारों की ओर से रात भर दर्शकों का मनोरंजन किया गया। बिशु पर्व के मौके पर विशाल मेला का आयोजन किया गया था जिसका आनंद लोगो ने उठाया। सोमवार की सुबह आठ बजे भक्तियो ने अपने पीठ पर कील गोंद कर झूला- झूले ओर झूला झूलते हुए श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए।

### बिजली लचर व्यवस्था से लोग हलकान

**लोहरदगा** : लोहरदगा के संयोजक मनोज कुमार गुप्ता ने जिले में विद्युत आपूर्ति की दयनीय स्थिति की ओर जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री विद्युत व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हालत क्षेत्र की खाफी खराब है। भयंकर गर्मी में महज 6 से 8 घंटे बिजली दी जा रही है। लोगों का हाल बुरा है और दूसरी तरफ बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण बैटरी और इनवर्टर तक फेल हो गए ,इसके अलावा छोटे-छोटे उद्योग धंधे और बड़े-बड़े उद्योग धंधे ,गैरेज, मिस्त्री, इलेक्ट्रॉनिक दुकान के काम भी लगभग ठप्प पड गए हैं।

## दुर्घटना

### दो सड़क हादसों ने ली दो की जान

# बाराती गाड़ी पलटने से किशोर की मौत, 8 लोग घायल

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** सोमवार को जिले में हुए दो सड़क हादसों ने दो लोगों की जान ले ली, वहीं 8 लोग घायल हो गए। पहली घटना में जयनगर थाना अंतर्गत पिपचो में अहले सुबह शादी समारोह से लौट रहे एक बाराती गाड़ी के अनियंत्रित होकर पलटने से एक 14 साल के किशोर की मौत हो गयी जबकि 8 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बुचई से नंदेडीह बारात गयी थी। शादी से लौटने के दौरान सोमवार



की सुबह करीब 5 बजे यह घटना घटी। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में बुचई निवासी सुरेश यादव पिता मुंशी यादव, सुरेंद्र यादव पिता वासुदेव यादव, धीरज कुमार पिता मनोज यादव, सवारी वाहन का चालक लक्ष्मण यादव नरपत यादव, सागर यादव पिता राजू यादव, गिरिडीह के सरिया निवासी वीरेंद्र यादव पिता सुखदेव यादव, संतोष शर्मा पिता खूबलाल शर्मा एवं अमित यादव पिता दशरथ यादव शामिल हैं। वहीं मृतक की पहचान अनीष कुमार (उम्र 14 वर्ष, पिता कैलाश यादव) के रूप में हुई है। घायलों में सागर यादव और वीरेंद्र यादव को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरी घटना मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नावाडीह में हुई। यहां सोमवार सुबह को हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार



युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बोल्डर लदे हाईवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक सोनू राणा (उम्र 17 वर्ष, पिता बालेश्वर राणा, लालगढ़ महुगाई) की मौत हो गयी।

## न्यूज फटाफट

### श्री कौलेश्वरी शतचंडी एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 24 मई को जल यात्रा



**जयनगर:** प्रखंड के ककरचोली पंचायत अंतर्गत ग्राम महुआटांड़ में श्री कौलेश्वरी शतचंडी एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर 24 मई जल यात्रा एवं मंडप प्रवेश, 25 मई वेदी पूजन एवं पाठ प्रारंभ, 26 मई जलाधिवास, 27 मई अन्नाधिवास, 28 मई फलाधिवास, मिष्ठान्नाधिवास एवं पुष्पाधिवास, 29 मई औषध्याधिवास, 30 मई नगर भ्रमण घृतढारी एवं सय्याधिवास, 31 मई प्राण प्रतिष्ठा, 01 जून पूर्णाहुति एवं भंडारा। प्रतिदिन संध्या 7 बजे से प्रवचन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा वाचिका रोशनी किशोरी श्री धाम बरसाना (मथुरा) यज्ञाधीश रवि मोहन जी महाराज (अवध धाम) उत्तर प्रदेश, यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासी महुआटांड़ जयनगर लगे हुए हैं।

### प्रशिक्षु उप समाहताओं ने नवाचार गतिविधियों की जानकारी ली



**कोडरमा** :नवचयनित प्रशिक्षु उप समाहताओं ने सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के संचालन के साथ साथ जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा चलाए जा रहे नवाचार गतिविधियों का अवलोकन एवं उसके बारे क्षेत्र भ्रमण कर जानकारी प्राप्त किया। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन ने प्रशिक्षु उप समाहताओं को संबोधित किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी प्रशिक्षु उप समाहताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोगों को जिस विभाग में पदस्थापित किया जाता है, वहां बेहतर कार्य करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर व कोडरमा एवं अंचल अधिकारी कोडरमा द्वारा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय द्वारा संपादित होने वाले कार्यों की जानकारी दी। प्रशिक्षु उप समाहताओं को स्वावलंबी गांव, डीईजीएस, लाईवेरी, सदर अस्पताल समेत आंगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय के बेहतर सुविधाएं के बारे में बताया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज व अन्य मौजूद रहे।

### सास से झगड़ा के बाद बहू ने जहर खाया

**कोडरमा** :कोडरमा थाना अंतर्गत पथलडीहा बेहराडीह निवासी महिला ने सास से हुए झगड़े के बाद सोमवार को जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। महिला के द्वारा जहर खाने की सूचना परिजनों को मिलने के बाद परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए लेकर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। महिला की पहचान काजल कुमारी (उम्र 22 वर्ष, पति सूरज दास) के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## दिव्यांगता के पहचान एवं रोकथाम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चोः** प्रखंड कार्यालय स्तिथ सभागार में सोमवार को जन विकास समिति वाराणसी के द्वारा एवं कोडरमा फ्रांसिस्केन क्लारिस्ट सिस्टर (के एफ सी एस) के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगता के शीघ्र पहचान एवं रोकथाम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे बीडीओ पप्पु रज्जक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर बिपिन कुमार मौजूद थे। इस कार्यक्रम मे बतौर प्रशिक्षिका होली फैमिली हॉस्पिटल, स्कूल ऑफ नर्सिंग की वाईस प्रिंसपल सिस्टर सलोमी मौजूद थी। उन्होंने बताया कि शारीरिक दिव्यांगता को परिभाषित इस आधार पर किया जाता है कि वह किस तरह से व्यक्ति के जीवन को प्रभावित कर रही है। कार्यक्रम का संचालन जय मंगल शाही कुमार एवं सिस्टर लीला जोश ने संयुक्त से किया गया। मौके पर सेवा सदन होली फैमिली हॉस्पिटल के कार्यकर्ता शुभम कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, फ्रांसिस मुर्मू, पिंकी देवी आदि मौजूद थे।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रक्तदान शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कुडूः**अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको ,कुडू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और एमरजेंसी केयर लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान और रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार और उपस्थित एमरजेंसी केयर के के द्वारा किया गया। इंद्रजीत कुमार ने कहा कि अविराम सदैव समाज की सेवा हेतु तत्पर है और यही सीख हम बच्चों को भी देते है।सजल कुमार जो एमरजेंसी केयर के ट्रेजरर है उन्होंने बताया कि कैसे इस कार्य का प्रारंभ किया गया और कोविड के समय कैसे पूरे भारत में उनकी संस्था ने सेवाए दी। रक्तदान सबसे बड़ा दान है इसके विषय में कुछ भ्रांतियां और अंधविश्वास है पर उनमें तनिक भी सत्यता नहीं है कोई स्वस्थ व्यक्ति तीन माह के बाद रक्तदान कर सकता है,थैलीसीमिया और अन्य कारणो से रक्त की मांग अधिक है पर रक्तदान के प्रति अच्छा नजरिया नहीं होने के कारण लोग प्रोत्साहित नहीं होते है। अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार का नाम समाज सेवा के लिए जाना जाता है,और प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा सहज अनुमति दी गई उसके लिए आभार दिया गया।इस अवसर पर डॉ शंकर प्रसाद,ब्लड बैंक से उमेश प्रसाद, अबीत कु पासवान,अनामिका और शशि नर्स की सजग निगरानी में प्रशिक्षु करण गोप, जवाहर गोप,विक्रम,सत्यवती,संतोष उरांव,अर्पण,जुगेश्वर,संतोष कुमार यादव ,बिसम्बर,प्रियंका,जसमीत,राजेंद्र, बिरजिनिया,अविनाशी और प्राध्यापको तथा कार्यकताओं में पंकज,बिनोद,शिव,शशि,मनु,रेणुका,बीरेंद्र,कुंदन आदि ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया।

### पवन मेडिकल दुकान का उद्घाटन किया गया

**कोडरमा** : प्रखंड के अंतर्गत ग्राम कमैयडीह चौक पर रविवार को पवन मेडिकल दुकान का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता एवं सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मेडिकल में डॉक्टर रविकांत, डॉक्टर यू एस प्रसाद, डॉक्टर प्रेम कुमार, ऑन कॉल डॉक्टर बिमला अपनी सेवा देंगे। कार्यक्रम के दौरान शालिनी गुप्ता एवं प्रकाश रजक ने कहा कि ग्रामीण इलाके में इस तरह की व्यवस्था देने से लोगों की परेशानी कम होगी। इसी के साथ दुकान संचालक पवन कुमार को ढेर सारी शुभकामना दी गई। उद्घाटन कार्यक्रम में समाजसेवी सुभाष राणा, दिलीप सिंह, बालेश्वर रविदास, राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष राम बचन यादव, राजाराम, पूर्व प्रमुख विजय कुमार सिंह, बबलू कुमार, अशोक रजक, कुमार रवि, विनोद बिहारी, किशोर भारती आदि मौजूद थे।

## कुशवाहा महासभा कोडरमा जिला इकाई की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**चंदवाराः** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा जिला इकाई कोडरमा की एक बैठक चंदवारा में आहूत की गई। उक्त बैठक में पूर्व में आयोजित प्रमंडलीय बैठक में जिला कमिटी का गठन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अभय कुशवाहा ने कोडरमा जिला अध्यक्ष के रूप में सोनू कुमार वर्मा का मनोनयन किया गया था, जिसकी आज औपचारिक घोषणा मुख्य अथिति अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने की। मौके पर सोनू वर्मा ने अपनी ओर से महासभा के आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि समाज ने जो दायित्व मुझे सौंपा है मैं पूरी परिश्रम ओर निष्ठापूर्वक सभी का विश्वास जीतते हुए अपने कार्यों का निर्वाहन करूंगा। विगत कई वर्षों से समाज का संगठनात्मक कार्य थम सा गया था जिन्हे सुचारू रूप से कार्य प्रगति में लाना एक चुनौती से कम नही है पर हमे अपने समाज का गौरव पल क्षण स्मरण में है। महासभा युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव सह स्थानीय मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने कहा कि विगत दो दशक से समाज को राजनीतिक रूप से जिस उपेक्षा का शिकार होना पड़ा है निश्चित तौर पर यह समाज के लिए एक बुरा सपना से कम नही है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह विशिष्ट अतिथि बबलू कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान राजनीतिक दलों द्वारा हमारा समाज का उत्थान हेतु कोई आवश्यक कदम नही उठाना इस बात का पुष्टि करता है की उन्होंने अब तक हमारे समाज को छलने का काम किया है।

## बिहार की खबरें

### डीजीपी आर एस भट्टी के काफी करीबी माने जाते हैं एमआर नायक

# सरकार ने बिहार के दो एडीजी का तबादला किया

- 1998 बैच के एमआर नायक को मिली नई जिम्मेदारी
- 1995 बैच के रविंद्रन शंकरण का एटीएस से तबादला
- बिहार में काफी अंतराल के बाद अंततः हुआ स्थानांतरण

दीपक नौरंगी

**पटनाः** बिहार में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले को लेकर हमेशा चर्चा बनी रहती है कई आईएएस अधिकारी को कार्यकाल का समय पूरा हो गया है लेकिन राज्य सरकार ने उनका तबादला नहीं किया है उसी तरह कई आईपीएस अधिकारी जिनका कार्यकाल पूरा नहीं हुआ था काफी कम महीनों



के अंतराल में उनका तबादला पुलिस मुख्यालय में ही पुलिस मुख्यालय विभाग में किया गया है इसका जीता जागता उदाहरण है कि हाल-फिलहाल आईजी से प्रमोशन से एडीजी बने एमआर नायक जो 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी है उनको राज्य सरकार ने दिसंबर के अंतिम महीने में प्रमोशन दिया था और एक जनवरी से एमआर नायक साहब ने एडीजी बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस पदभार ग्रहण किया था मात्र छह महीने में ही एमआर नायक को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस से उनको बदलते हुए आतंकवाद निरोधक दस्ता का एडीजी बनाकर एक नई जिम्मेदारी दी गई है ।

1995 बैच के आईपीएस रविंद्रन शंकरण को एटीएस विभाग से बदलते हुए बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की नई जिम्मेदारी मिली है आईपीएस रविंद्रन शंकरण को अपर पुलिस महानिदेशक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के अलावा अतिरिक्त प्रभार में बिहार राज्य खेलकूद प्राधिकरण की जिम्मेदारी भी उनके पास है डीजीपी आर एस भट्टी साहब ने जब पदभार ग्रहण किया था उसके बाद यह चर्चा होने लगी थी कि एमआर नायक जो 1998 बैच के आईपीएस को एडीजी हेडक्वार्टर बनाया जाने की चर्चा काफी थी लेकिन एडीजी हेड क्वार्टर का पद पर फिलहाल जितेंद्र सिंह गंगवार उस पद पर बने हुए हैं लेकिन आतंकवाद निरोधक दस्ता बिहार के एडीजी एमआर नायक को बनाने में डीजीपी भट्टी साहब की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है अब देखना है कि राज्य सरकार जून के अंतिम महीने में कई आईएएस और आईपीएस अधिकारी का तबादला करती है या फिर दिसंबर के अंतिम महीने में आईएएस और आईपीएस अधिकारी का तबादला होता है ।

### धुवांडीह आरसीडी रोड से कुंडीधनवार सड़क का नीरा यादव ने किया शिलान्यास

# इस सड़क के बनने से कई गांवों में आवागमन अब सुगमता से हो पाएगा : डॉ नीरा यादव

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा** : कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग कोडरमा द्वारा विधायक डॉ नीरा यादव द्वारा अनुशंसित धुवांडीह आर सी डी रोड़ से कुंडीधनवार भाया मसमोहना कुम्हेंरैन स्थान एवं असनाबाद तक पथ सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य लागत लगभग चार करोड़ तिहत्तर लाख सैतालिस हजार सात सौ रुपए का शिलान्यास कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के कर कमलों द्वारा संपन्न किया गया। विधायक ने नारियल फोड़ कर एवं फीता



काट कर एवं विधि विधान से पूजन के साथ शिलान्यास किया। इस जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण के लिए स्थानीय विधायक के पास सड़क के संपर्क के मसमोहना, कुंडीधनवार,असनाबाद के ग्रामीण बराबर मांग करते आ रहे थे, जो कि अब इसके बन जाने से उनलोगो के मांग अब पूरे होने को है। मौके पर नीरा यादव ने बताया कि मेरे प्रयास से यह महत्वाकांक्षी जनउपयोगी सड़क स्वीकृत हुइ है जो कि यह कई गांवों को जोड़ती भी है। सुदृढ़ीकरण के साथ साथ इसका चौड़ीकरण भी किया जाएगा। इसकी लंबाई साढ़े सात किलोमीटर से अधिक है। आप सभी इस सड़क की गुणवत्ता पर ध्यान देंगे और चौड़ीकरण में सहयोग भी करेंगे तो बेहतर रहेगा। आवश्यकता अनुसार और भी जनहित में कार्य पूरे किए जायेंगे। बता दें कि यह कार्य निविदा राशि से बाइस प्रतिशत से अधिक कम चार करोड़ इकहत्तर लाख रुपए में संवेदक राम टहल सरण को आवंटित हुआ है। मौके पर ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता संतोष महतो, मुखिया चांदनी देवी, विजय सिंह,राम टहल सरण,शिवलाल सिंह,धीरेंद्र सिंह, प्रिंस सिंह, बाबूलाल यादव, राम भजन सिंह, बासुदेव महतो, रामदेव यादव, टिंकू यादव, दिलीप सिंह, सुरेश साव, गुड्डू सिंह, परमेश्वर भारती, बिंदू साव,सुभाष यादव एवं सैकड़ो स्थानीय मौजूद थे।

### महिला पुलिस संख्याबल में पहले से ही पूरे देश में आगे है बिहार

# अब और भर्तियां और बेहतर सुविधाओं पर काम जारी

- दूसरे तल्ले पर होगी महिलाओं का बैरक
- सारी सुविधाएं इसी तल्ले पर उपलब्ध
- हर थाना में 30-35 महिला सिपाही

राष्ट्रीय खबर

**पटनाः** पूरे देश में बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या देश में सर्वाधिक है। आने वाले दिनों में इनकी और भर्तियां होंगी। इसके मद्देनजर महिला पुलिसकर्मियों के लिए बड़ी संख्या में बैरक या आवास की अलग व्यवस्था की जा रही है। थाना भवन और बैरक में इनके तमाम सुविधाएं होंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले से ही बिहार पुलिस में महिलाओं की बहाली पर खास जोर दिया। अब उनकी सुविधाओं के लिए सरकार काम कर रही है। योजना के मुताबिक अगले दो वर्षों में 300 थाने बन जाएंगे आगामी दो वर्षों में राज्य में 300 थाने बनकर तैयार हो जाएंगे। हाल में हुए बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 108 थानों का शिलान्यास और 24 का उद्घाटन किया है। सभी थाना भवन चार मंजिला बनाए जा रहे हैं। इनका क्षेत्रफल 14 हजार 258 वर्गफीट है। अधिकतर थानों में गाड़ी, फायर टैंकर रखने के अलावा ड्राइवर के रहने की भी व्यवस्था है। पुलिस ओपी (उट पोस्ट) तीन मंजिला बनाए जा रहे हैं। आने वाले दो वर्ष में सभी थानों और पुलिस लाइन को मिलाकर करीब 19 से 20 हजार महिला कर्मियों के रहने की व्यवस्था हो जाएगी। इन सभी चार मंजिला थाना भवनों में 30-35 महिला सिपाहियों के रहने के लिए दूसरी मंजिल पर विशेष बैरक बन रहा है। सुविधाओं से संपन्न इसका क्षेत्रफल करीब साढ़े चार हजार वर्ग फीट होगा। इसमें किचन, डाइनिंग स्पेस, स्टोर, टॉयलेट, बाथरूम के अलावा बच्चों के लिए क्रेच समेत अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं मौजूद रहेंगी।

## न्यूज फटाफट

### प्रो लीग के लिये यूरोप रवाना हुई भारतीय टीम



बेंगलुरु : भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में 26 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022/23 के मैचों के लिये सोमवार को लंदन रवाना हो गयी। भारतीय टीम अपने यूरोप अभियान की शुरुआत लंदन में करेगी, जहां उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम (26 मई और दो जून) और मेजबान ग्रेट ब्रिटेन (27 मई और तीन जून) से होगा। इसके बाद हरमनप्रीत सिंह की टीम मेजबान नीदरलैंड (सात और 10 जून) और अर्जेंटीना (आठ और 11 जून) के खिलाफ अपने अंतिम मैचों के लिये आइंडहोवन रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत ने यूरोप के लिये उड़ान भरने से पहले कहा, एफआईएच प्रो लीग सीज़न के अंत में हमारे पास बहुत महत्वपूर्ण मैच आने वाले हैं। हम अब तक तालिका में मजबूत स्थिति में हैं और हम शेष मैचों में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। हम इस दौरे को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि यह हमें अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने का मौका देता है। ये मैच हमारे लिये वास्तव में महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि हम इस साल के अंत में होने वाले महत्वपूर्ण एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं। घर में अपने हाल के प्रो लीग मैचों में भारत ने विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अजेय रहकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन मैचों के बाद नवनियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी भारतीय टीम के साथ जुड़ गये हैं और यह उनके नेतृत्व में भारत का पहला दौरा होगा। हरमनप्रीत ने टीम की तैयारियों पर कहा, बेंगलुरू के साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में हमारे प्रशिक्षण सत्र अच्छे और गहन रहे हैं। तैयारी वास्तव में अच्छी रही है, और राउरकेला में हमारे पिछले मैचों ने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है। इसलिए हम आगामी मैचों में इस प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, हम कदम-दर-कदम आगे बढ़ेंगे, अच्छी हॉकी खेलने की कोशिश करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण, हम अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे क्योंकि यह लंबा दौरा है और आगे भी व्यस्त सत्र है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 26 मई को भारतीय समयानुसार शाम 07:10 बजे बेल्जियम के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग 2022/23 अभियान को फिर से शुरू करेगी।

### अमित, माधुरी बने इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान के सर्वश्रेष्ठ एथलीट



**नयी दिल्ली** : दिल्ली विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ने बी.एससी. तृतीय वर्ष के छात्र अमित कुमार रवानी और बी.पी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा माधुरी को क्रमश: सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला एथलीट के पुरस्कार से सम्मानित किया है। महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता ने अमित और माधुरी को पुरस्कार देते हुए उनके विशिष्ट कौशल की सराहना की। उन्होंने शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा एवं खेल विज्ञान में विशिष्ट योगदान की संस्थान की तारीफ की। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर बिपिन तिवारी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए खेल और शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिये उनकी सराहना की। इस अवसर पर बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने वाली पिंकी सिंह भी उपस्थित रहीं। इस कॉलेज की पूर्व छात्रा रहीं पिंकी ने विद्यार्थियों को उनके पसंदीदा खेल में मेहनत करने के लिये प्रोत्साहित किया।

**उपलब्धि**

### आईपीएल 2023 में पहली बार लगी शतकों की हैट्रिक

# शुभम,विराट और गिल ने रचा इतिहास



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में लीग राउंड खत्म हो गया है। लीग राउंड के अंतिम मुकाबले के बाद ही प्लेऑफ में जाने वाली चारों टीमों के नाम तय हो सके। इससे पहले तक चौथी टीम को लेकर रोमांच जारी था। प्लेऑफ की टीमें तय होने के बाद अब मुकाबले 23 और 24 मई को खेले जाएंगे। वहीं रविवार यानी 21 मई को खेले गए मुकाबलों में कई शानदार रिकॉर्ड भी बने है। इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में ये पहला मौका है जब एक ही दिन में तीन शतक लगे हों। मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए पहले मुकाबले में कैमरुन ग्रीन ने शतकीय पारी खेलकर मुंबई को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दिन का दूसरा शतक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाड़ी विराट कोहली के बल्ले से निकला। वहीं गुजरात जायंट्स के धमाकेदार बल्लेबाज और पर्पल कैप के अहम दावेदार शुभमन गिल ने दिन का तीसरा और फाइनल शतक जमाया। आईपीएल के 16 वर्षों के इतिहास में ये पहला मौका है जब एक ही दिन में शतकों की हैट्रिक लगी हो।

बता दें कि इस बार आईपीएल सीजन में कुल 11 शतकीय पारियां खेली गई है। ये पहली बार है जब आठ से अधिक शतक एक ही सीजन में खिलाड़ियों ने लगाए हो। इस सीजन में विराट कोहली और शुभमन गिल ने दो बार शतक लगाए है। वहीं हैरी ब्रूक, वेंकटेश अय्यर, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, प्रभसिमरन सिंह, हेनरिक क्लासेन, कैमरून ग्रीन के बल्ले से भी एक एक शतक लगा है।

#### मैच में चोटिल हुए विराट

विराट कोहली के घुटने में रॉयल चैलेंजर बेंगलोर (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चोट लग गई थी लेकिन उनके मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा कि यह चिंताजनक नहीं है। आरसीबी अंतिम लीग मैच में गुजरात से छह विकेट से हारने के कारण आईपीएल से बाहर हो गया है। कोहली ने शतक जड़ने के बाद विजय शंकर का शानदार कैच लिया था लेकिन इस बीच उनका घुटना चोटिल हो गया। कोहली की मदद करने के लिए फिजियो आया लेकिन इस स्टार बल्लेबाज को मैदान छोड़ना पड़ा और वह अंतिम पांच ओवर में डगआउट में बैठे रहे। बांगड़ ने मैच के बाद कहा,ह्वह्व हां, उनके घुटने में मामूली चोट आई है लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह गंभीर है। कोहली अभी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगातार मैचों में शतक जमाए।

### टी20 में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हूं : कोहली




**बेंगलुरु :** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने अगले साल कैरिबियाई क्षेत्र और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले विपक्षी टीमों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह टी20 क्रिकेट में अपने शीर्ष पर हैं। कोहली ने रविवार रात गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 61 गेंद पर 101 रन की शतकीय पारी खेली और 133 रन पर पांच विकेट गंवा चुकी आरसीबी को 197 रन के स्कोर तक पहुंचाया। कोहली का प्रयास हालांकि उनकी टीम के लिये काफी नहीं रहा और शुभमन गिल (104 नाबाद) ने विजय शंकर (53) की मदद से गुजरात को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कोहली ने शतक जड़ने के बाद कहा, मैं बेहतरीन महसूस कर रहा हूं। कई लोगों को लगता है कि मेरे टी20 क्रिकेट का स्तर गिर रहा है, लेकिन मैं ऐसा बिल्कुल नहीं समझता। मुझे लगता है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेट खेल रहा हूं। मैं अपने खेल का आनंद ले रहा हूं। कोहली ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में 98.66 की औसत और 136 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 296 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे थे, हालांकि उन्होंने उसके बाद से भारत के लिये कोई टी20 मैच नहीं खेला। इससे पहले कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनकी फॉर्म को लेकर सवाल उठाये जाते, उन्होंने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से सभी आलोचकों को शांत कर दिया। भारत के इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने आईपीएल के 14 मैचों में 53.25 की औसत और 139.82 की औसत से 639 रन बनाये, जिसमें दो शतक और छह अर्द्धशतक शामिल रहे। कोहली ने कहा, मेरी कोशिश रहती है कि मैं चौके लगाता रहूं और अंत में मौका मिलने पर बड़े शॉट खेलूं। आपको परिस्थितियों को पढ़कर खेलना होता है।

## आईसीसी ने भारतीय अंपायर पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

एजेंसियां

**दुबई:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय अंपायर जतिन कशयप पर आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के दो मामलों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। आईसीसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, कशयप पर आचार संहित के अनुच्छेद 2.4.6 और 2.4.7 के उल्लंघन का आरोप है। यह उल्लंघन 2022 में अंतरराष्ट्रीय मैचों की जांच से उत्पन्न हुए। संहिता के अनुच्छेद 2.4.6 के उल्लंघन का अर्थ है संहिता के तहत संभावित भ्रष्ट आचरण के संबंध में भ्रष्टाचार-रोधी इकाई (एसीयू) की जांच में सहयोग करने से इनकार करना, जिसमें (बिना किसी सीमा के) एसीयू द्वारा मांगी गयी कोई भी जानकारी और/या दस्तावेज देने से इनकार करना शामिल है। संहिता के अनुच्छेद 2.4.7 का उल्लंघन का अर्थ है संहिता के तहत



संभावित भ्रष्ट आचरण के संबंध में एसीयू की जांच में बाधा डालना या देरी करना, जिसमें जांच से संबंधित किसी भी दस्तावेज या अन्य जानकारी को छुपाना, छेड़छाड़ करना या नष्ट करना शामिल है। संहिता के अनुच्छेद 4.6.6 के तहत कशयप के पास आरोपों का जवाब देने के लिये 19 मई से 14 दिन का समय है। आईसीसी ने इस स्तर पर इन आरोपों के संबंध में आगे कोई टिप्पणी नहीं की है, हालांकि ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, कशयप पर ओमान में 2022 एशिया कप क्वालीफायर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भ्रष्ट करने का प्रयास करने का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, कशयप आईसीसी के मैच अधिकारियों के पैनल में नहीं बल्कि केवल भारत के एक स्थानीय अंपायर हैं। वह टूर्नामेंट में अंपायरिंग नहीं कर रहे थे, लेकिन एशिया कप क्वालीफायर अंतरराष्ट्रीय आयोजन होने के नाते आईसीसी की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई के पास एक जांच शुरू करने का अधिकार था।

## हेज़लवुड डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये फिट : क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

एजेंसियां

**मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी तेज गेंदबाज जॉश हेज़लवुड ने भारत के खिलाफ सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले अभ्यास शुरू कर दिया है और कंगारुओं को उम्मीद है कि वह शीर्ष मुकाबले में हिस्सा ले सकेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से सोमवार को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने कहा, ह्लजॉश हेज़लवुड अपने हालिया मैच के बाद हल्का दर्द महसूस करने के कारण पिछले सप्ताहांत आईपीएल से लौटे। कुछ दिन आराम करने के बाद वह पिछले हफ्ते गेंदबाजी के लिये लौट आये और डब्ल्यूटीसी एवं एशेज़ टेस्ट शृंखला के लिये धीरे-धीरे अपना कार्यभार बढ़ायेंगे। हेज़लवुड को डब्ल्यूटीसी और एशेज़ के लिये फिट माना जा रहा है।ह्व उल्लेखनीय है कि पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से जुड़ने वाले हेज़लवुड



पिछले एक साल में चोटों के कारण कई मौकों पर क्रिकेट से दूर रहे हैं। इस साल आरसीबी के लिये उन्होंने मात्र तीन मैच खेलकर नौ ओवर फेंके। ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत से भिड़ने के बाद 16 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में इंग्लैंड का सामना भी करना है। अगर हेज़लवुड डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये फिट नहीं रह पाते, तो ऑस्ट्रेलिया के पास माइकल नेसर और शॉन एबॉट के रूप में दो अन्य विकल्प मौजूद हैं। नेसर और एबॉट इंग्लैंड के घरेलू काउंटी क्रिकेट में क्रमशः ग्लैमोर्गन और सरी के लिये खेल रहे हैं और डब्ल्यूटीसी फाइनल से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे।

### फ्रांसीसी लीग में 11वें खिताब के करीब पहुंचा पीएसजी



**पेरिस :** काइलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने ऑक्सेरे को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपना 11वां खिताब लगभग सुनिश्चित किया। गत चैंपियन पीएसजी के इस जीत से 36 मैचों में 84 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से छह अंक आगे हो गया है। उसका लेंस की तुलना में गोल अंतर काफी बेहतर है। उसे अब सैंट एटीने के 10 खिताब के रिकॉर्ड को पार करने के लिए केवल एक अंक की जरूरत है।अभी लीग में दो दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। एम्बाप्पे ने आठवें मिनट तक ही पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया था। इन दोनों गोल को करने में लियोनेल मेसी ने उनकी मदद की। एम्बाप्पे इस सत्र में अभी तक सर्वाधिक 28 गोल कर चुके हैं और वह लियोन के स्ट्राइकर अलेक्सांद्रलोकाजेटे से दो गोल आगे हो गए हैं।

# अजमेर शरीफ की दरगाह पहुंची सारा अली खान



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाई और अपनी आने वाली फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' के लिये दुआ मांगी। सारा अली खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' के प्रमोशन में व्यस्त है। इस फिल्म में सारा के साथ विक्की कौशल लीड रोल में हैं। इस बीच सारा फिल्म की रिलीज से पहले राजस्थान के अजमेर शरीफ दरगाह पर पहुंची। उन्होंने फिल्म ह्यजरा हटके जरा बचकेह्नकी सफलता के लिए अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाई। सारा का अजमेर शरीफ दरगाह में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि सारा अली खान ने मिंट ग्रीन सलवार सूट पहना था। जबकि उन्होंने दुपट्टा से अपने सिर को ढक रखा था और धूप का चश्मा पहन रखा था। इस वीडियो में सारा दरगाह की एक दीवार पर धागा बांधते और प्रार्थना करती नजर आ रही हैं।

# विजय ने थलापति 68 का टीजर शेयर किया



एजेंसियां

**मुंबई:** दक्षिण भारतीय स्टार थलापति विजय ने अपनी आने वाली फिल्म थलापति 68 का एलान करते हुये इस फिल्म का टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। थलापति विजय की आने वाली फिल्म थलापति 68 का ऐलान कर दिया गया है। थलापति विजय ने सोशल मीडिया पर थलापति 68 का एक एनाउंसमेंट टीजर शेयर किया है। उन्होंने ट्विटर पर इसका टीजर शेयर करते हुए लिखा, 'सपने सच होते हैं। ईश्वर की दया है।' वेंकट प्रभु फिल्म का निर्देशन करेंगे। जबकि फिल्म का संगीत युवान शंकर राजा बनाएंगे। उम्मीद की जा रही है कि 'थलापति 68' थलपति विजय की अगली पैन इंडिया फिल्म हो सकती है।

## अजय देवगन की 'दृश्यम' का बनाया जायेगा कोरिया में रीमेक



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की सुपरहिट फिल्म 'दृश्यम' का कोरिया में रीमेक बनाया जायेगा। अजय देवगन और तब्बू स्टारर फिल्म 'दृश्यम' का कोरिया में रीमेक बनाया जा रहा है। हाल ही में कांस फिल्म फेस्टिवल 2023 के दौरान इंडियन पवेलियन में भारतीय प्रोडक्शन हाउस पैनोरमा स्टूडियोज और दक्षिण कोरिया के एंथोलॉजी स्टूडियो ने साझेदारी की घोषणा की। 'दृश्यम' फिल्म के कोरिया रीमेक और एंथोलॉजी स्टूडियो के साथ साझेदारी के बारे में बात करते हुए निर्माता कुमार मंगत ने कहा, ''मैं उत्साहित हूं कि दृश्यम फ्रेंचाइजी कोरिया में बनाई जा रही है। इससे न केवल भारत के बाहर इसकी पहुंच बढ़ेगी बल्कि हिंदी सिनेमा को वैश्विक मानचित्र पर भी जगह मिलेगी। इन सभी वर्षों में, हम कोरियाई शैली से प्रेरित रहे हैं। अब उन्हें हमारी एक फिल्म में प्रेरणा मिल गई है।

# नेहा कक्कड़ और राघव चैतन्य का गाना खूबसूरत रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** टी-सीरीज निर्मित नेहा कक्कड़ और राघव चैतन्य का गाना खूबसूरत रिलीज हो गया है। भूषण कुमार द्वारा निर्मित, गाना खूबसूरत को नेहा कक्कड़ और राघव चैतन्य ने स्वरबद्ध किया है, जिसे रोहनप्रीत सिंह द्वारा संगीतबद्ध किया गया है, और राणा सोतल ने इसके बोल लिखें हैं। वीडियो ब्रेन द्वारा निर्देशित इस गाने को एक शांत हिल स्टेशन पर इस गाने को शूट किया गया है, जो सौंदर्या शर्मा और अधिक मेहता के बीच केमिस्ट्री को प्रदर्शित करता है। सौंदर्या शर्मा ने कहा, '' खूबसूरत गाना टी-सीरीज़ के साथ मेरा पहला सिंगल है और मैं इस शानदार गाने का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। खूबसूरत लोकेशंस पर इसे फिल्माना वास्तव में बहुत ही खूबसूरत अनुभव था। हर लड़की स्पेशियल महसूस करना चाहती है और गाना पूरी तरह से इसके सार को दर्शाता है। यह एक बहुत ही प्यारा प्रेम गीत है और यह गाना निश्चित रूप से मेरी प्लेलिस्ट में है।'' अधिक मेहता ने कहा, '' 'खूबसूरतह्न लोकेशन में ह्यखूबसूरतह्न की शूटिंग करने में मुझे और सौंदर्या को बहुत मजा आया। आशा है कि ऑफ-स्क्रीन हमने जो कम्फर्ट लेवल साझा किया है, वह हमारी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री में ज़रूर देखने मिलेगा। मैं इस गाने का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।



राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची मंगलवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
23:05:2023

## ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के बीच ओआरएस का वितरण

रांची: झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी के सौजन्य से भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के विभिन्न ट्रैफिक बूथों में तैनात पुलिसकर्मियों के बीच ओआरएस बांटा गया। संस्था की ओर से बुटी मोड़, खेलगांव चौक, कोकर चौक, प्लाजा चौक, मिशन चौक, डंगरा टोली चौक, कांटाटोली चौक, बरियातू थाना और सदर थाना के पुलिसकर्मियों को ओआरएस दिया गया। कार्यक्रम में नीरज कुमार, पंकज कुमार और तनिश प्रतीक का योगदान रहा।

**अपराध** दिनेश गोप को कोर्ट में किया गया पेश

# एनआईए को 8 दिनों की मिली रिमांड

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट की समय अवधि खत्म होने के बाद दिनेश गोप को पेश किया गया। कोर्ट के समय में उसे इसलिए पेश नहीं किया गया क्योंकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भीड़ भाड़ वाले इलाकों में उसे पेश करना मुश्किल हो रहा था। एनआईए की कोर्ट में दिनेश गोप को पेश किया गया है। इससे पहले उसका मेडिकल भी कराया गया था।बता दें कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को झारखंड पुलिस और एनआईए ने साझा कार्रवाई करते हुए नेपाल से पकड़ा है। रविवार को दिनेश गोप पकड़ने के बाद नेपाल से रांची लाया गया था। आज उसे एनआईए की कोर्ट में पेश किया गया है। पेशी के दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई थी। सुरक्षा कारणों से ही समयावधि खत्म होने के बाद दिनेश गोप को कोर्ट में पेश किया गया। जिससे कि भीड़.का सामना ना हो।गौरतलब है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी, झारखंड पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। उसकी गिरफ्तारी से पीएलएफआई संगठन को बहुत बड़ा झटका लगा है। संगठन का भविष्य क्या होगा, यह तो आने वाले समय में पता चल सकेगा। फिलहाल पूरी तरह से नक्सलियों पर शिकंजा कसने में जुटी है। पुलिस का स्टैंड साफ है कि नक्सली या तो सरकार की पॉलिसी अपनाकर मुख्य धारा में लौटे और एक खुशहाल जिंदगी जिएं। वरना पुलिस की गोली को शिकार बने। हाल के दिनों में पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ शिकंजा कस रही है। कई बड़े नक्सली या तो मारे गए हैं, या फिर उन्होंने सरेंडर कर दिया है।

### बैंकों में नहीं उमड़ी भीड़

**रांची:** बैंकों में 2000 रुपये के नोट बदलने अथवा डिपॉजिट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कई बैंक मंगलवार से इसकी शुरूआत करेंगे। सोमवार को राजधानी के बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, केनरा बैंक समेत कई बैंकों में उपभोक्ताओं ने 2000 रुपये के नोट जमा किये। उम्मीद थी कि 8 नवंबर 2016 को हुई नोटबंदी के बाद जिस तरह नोटों को बदलने के लिए बैंकों में कतार लगी थी, वैसा ही नजारा इस बार भी दिखेगा। लेकिन पहले दिन ऐसी स्थिति नहीं दिखी। सप्ताह का पहला वर्किंग डे होने के बावजूद बैंकों में उपभोक्ताओं की संख्या आम दिनों से कम दिखी। दोपहर तक बैंकों में 2000 के नोट जमा करने वाले 8-10 लोग ही पहुंचे।प्लाजा चौक के पास स्थित केनरा बैंक की शाखा में दोपहर 1।30 बजे तक 8 लोगों ने 2000 रुपये के नोट अपने खाते में जमा करवाए।

# रिम्स में भर्ती मरीज ने की खुदकुशी, अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में था इलाजरत

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में इलाजरत एक मरीज ने सोमवार को अहले सुबह खुदकुशी कर ली है। मरीज लक्ष्मण राम (45) न्यूरोलॉजी विभाग में इलाजरत था। वहीं उसकी आत्महत्या की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी मिलते ही रिम्स अस्पताल के वरीय अधिकारी, तमाम डॉक्टर और अस्पताल के कर्मी मौके पर पहुंच गए। मामले की सूचना बरियातू थाना पुलिस को दी गई। इसके बाद मरीज के शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा गया। वहीं पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। हालांकि अब तक मरीज की आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस वजह का पता लगाने में जुटी है। बता दें कि लक्ष्मण का इलाज न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर अनिल कुमार की यूनिट में चल रहा था।जानकारी के अनुसार मरीज लक्ष्मण राम मानसिक रूप से बीमार था और उसका इलाज रिम्स के न्यूरोलॉजी विभाग में चल रहा था। बताया जाता है कि थोड़ी देर के लिए मरीज के परिजन बाथरूम गए थे। वापस आकर देखा तो मरीज लक्ष्मण राम ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। इस संबंध में रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि लक्ष्मण राम नाम का मरीज 19 मई को डॉक्टर अनिल कुमार के यूनिट में भर्ती हुआ था। उसे हेड इंजरी थी। मरीज को रिम्स के न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया। पिछले तीन दिनों से मरीज का इलाज डॉक्टर की निगरानी में चल रहा था, लेकिन अचानक 22 मई की अहले सुबह मरीज ने आत्महत्या कर ली।डॉ राजीव रंजन ने कहा कि हादसे की जांच की जा रही है। सोमवार अहले सुबह की घटना है। ऐसे समय में अस्पताल में सुरक्षाकर्मी और स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या कम होती है। क्योंकि देर रात सिर्फ इमरजेंसी के मरीजों के लिए सुविधा मुहैया कराई जाती है। इसलिए मरीज पर सुरक्षाकर्मियों की नजर नहीं पड़ी। उन्होंने कहा कि जांच में यदि सुरक्षा में चूक पाया गया तो संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी।जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मरीज किस मनोदशा में था और किस समस्या की वजह से उसने खुदकुशी की है।

# रांची में होटल की छत से युवती ने लगाई छलांग, जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल की छत से एक युवती ने छलांग लगा दी। जमीन पर गिरने की वजह से युवती बुरी तरह से जख्मी हुई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। युवती की पहचान 20 वर्षीय पूजा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बंगाल की रहने वाली है।मिली जानकारी के अनुसार रात के तकरीबन 2 बजे पूजा अचानक होटल के छत से कूद गई। पूजा कूदी तो होटल के छत से थी लेकिन वह पास के एक दूसरे घर पर जा गिरी। कुछ देर में ही होटल के कुछ लोग दौड़े-दौड़े दूसरे घर की तरफ गए और गेट खुलवाने को लेकर आवाज देने लगे। जिसके बाद मकान मालिक ने गेट खोला और फिर पूजा को आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।20 वर्षीय पूजा शुभम होटल में कैसे पहुंची यह जांच का विषय है, पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा खुद मामले की तफ्तीश करने पहुंचे थे। डीएसपी ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। फिलहाल पूजा की स्थिति ऐसी नहीं है कि उसका बयान लिया जा सके। उसके होश में आने के बाद ही पुलिस की जांच की दिशा और बेहतर होगी।पुलिस के द्वारा होटल का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिस समय पूजा छत से कूदी उस दौरान होटल में पांच से ज्यादा लड़कियां मौजूद थी। पूजा के छत से कूदते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिला है। पुलिस अब उन लड़कियों से पूछताछ की तैयारी कर रही है जो रात में होटल में मौजूद थी। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि घायल युवती पूजा के पास कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला है। सिर्फ इतना बताया जा रहा है कि वह बंगाल की रहने वाली है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि होटल में कोई गलत काम चल रहा था उसी दौरान यह हादसा हुआ है।

# हाईकोर्ट के नए भवन में उद्घाटन समारोह में 2000 अतिथि होंगे आमंत्रित, शाम 4:55 बजे राष्ट्रपति पहुंचेंगी नए हाईकोर्ट भवन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** तिरिल मौजा धुर्वा में बने झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन समारोह में 24 मई को करीब 2000 लोगों को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह नए हाईकोर्ट भवन में बने वातानुकूलित हॉल में शाम 5:00 बजे से होगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उपस्थित रहेंगी, वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डॉ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ रहेंगे। वही स्पेशल गेस्ट के रुप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अनिरूद्ध बोस, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र रहेंगे।कार्यक्रम स्थल धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नए भवन में शाम 4:45 बजे अतिथियों का आगमन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शाम 4:55 बजे पहुंचेंगी। शाम 5:00 बजे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं अन्य अतिथि प्रोग्राम हॉल में मंचासीन होंगे। शाम 5:01 पर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। 5:04 पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वागत एवं शुरूआती भाषण देंगे। 5:10 पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल अपना भाषण देंगे, 5:16 मिनट पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपना भाषण देंगे। वही 5:22 मिनट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपना भाषण देंगे। शाम 5:28 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड हाई कोर्ट का नया भवन लोगों को समर्पित करेंगी। इसके बाद 5:31 मिनट पर हाईकोर्ट के नए भवन का वर्चुअल टूर होगा अंत में 5:35 मिनट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र धन्यवाद ज्ञापन करेंगे।

# 9-10 जून को पंचायत सचिव अभ्यर्थियों को सीएम दे सकते हैं नियुक्ति पत्र



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** लंबे इंतजार के बाद लगता है कि पंचायत सचिव के चयनित अभ्यर्थियां को नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। बहुत जल्द पंचायत सचिव भी सरकारी कर्मी के रूप में जाने जाएंगे। पहले यह तय हुआ था कि 24 मई को सीएम इन्हें नियुक्ति पत्र देंगे। मगर राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए 24 मई को यह संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। सीएम सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार, अब 9 या 10 जून को सीएम इन्हें नियुक्ति पत्र सौंप सकते हैं। पंचायत सचिव के लिए 1633 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। मगर अब तक इन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिल सका है। इसको लेकर अभ्यर्थी परेशान- हैरान हैं। अब लगता है कि इनका इंतजार समाप्त हो जाएगा और जून में इन्हें नियुक्ति पत्र मिल जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय दौरे रांची आ रही हैं। वहीं विभागीय सचिव के छुट्टी पर रहने के कारण 24 मई को अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम नहीं हो सकेगा। विभागीय सचिव राजीव अरुण एक्का 6 जून को छुट्टी से लौटेंगे। उसके बाद 9 या 10 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने हाथों से नियुक्ति पत्र रांची में दे सकते हैं।

# हाईकोर्ट के नए भवन में उद्घाटन समारोह में 2000 अतिथि होंगे आमंत्रित

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** तिरिल मौजा धुर्वा में बने झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन समारोह में 24 मई को करीब 2000 लोगों को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह नए हाईकोर्ट भवन में बने वातानुकूलित हॉल में शाम 5:00 बजे से होगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उपस्थित रहेंगी, वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डॉ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ रहेंगे। वही स्पेशल गेस्ट के रुप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अनिरूद्ध बोस, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र रहेंगे।कार्यक्रम स्थल धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नए भवन में शाम 4:45 बजे अतिथियों का आगमन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शाम 4:55 बजे पहुंचेंगी। शाम 5:00 बजे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं अन्य अतिथि प्रोग्राम हॉल में मंचासीन होंगे। शाम 5:01 पर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। 5:04 पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वागत एवं शुरूआती भाषण देंगे। 5:10 पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल अपना भाषण देंगे, 5:16 मिनट पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपना भाषण देंगे। वही 5:22 मिनट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपना भाषण देंगे। शाम 5:28 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड हाई कोर्ट का नया भवन लोगों को समर्पित करेंगी। इसके बाद 5:31 मिनट पर हाईकोर्ट के नए भवन का वर्चुअल टूर होगा अंत में 5:35 मिनट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र धन्यवाद ज्ञापन करेंगे।

**आरोप** विधायक समरी लाल की पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप

# एसटी-एससी आयोग से कांके थानेदार की शिकायत

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** कांके से बीजेपी के विधायक समरी लाल की पत्नी अनीता देवी ने कांके थाना प्रभारी की शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के समक्ष की है। कहा है कि कांके थाना प्रभारी आभास कुमार ने दुर्भावना एवं द्वेषपूर्ण भावना से ग्रसित होकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया है। अनीता देवी के मुताबिक, 10 मई को रोजमर्रा की तरह मैं झुंझुन जिले (राजस्थान) के उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य कर रही थी। इसी दौरान कांके थाना प्रभारी आभास कुमार स्थानीय पुलिस के साथ आए और मुझसे जानना चाहा कि मैं समरी लाल की पत्नी हूं अथवा नहीं। इंस्पेक्टर आभास कुमार ने डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी व मरीजों के बीच मुझे कहा कि तुम्हारे पति ने रांची में रखैल रखे हैं, जिसके दो-तीन नाजायज औलाद भी हैं। वैसे भी तुम्हारी जाति भंगियों में ऐसी आम बात है। मैंने इसका खंडन करते हुए कहा कि मुझे अपने पति पर पूर्ण विश्वास है कि वे वैसे नहीं हैं। फिर उन्होंने कहा कि लगता है तुम्ही दूसरी वाली है, इसलिए झारखंड में नहीं रहती हो। उन्होंने ये भी कहा कि तुम ससुराल छोड़ कर आखिर मायके में क्यों रहती हो। मैंने जबाब दिया कि उनकी विधायकी 5 वर्ष की है, मैं अपनी नौकरी के चलते मायके में रहती हूं। फिर उन्होंने कहा कि तुम अपने पति से कहो कि भंगी नीच जाति का विधायक बन गया है, वह विधायकी छोड़ दे। अनीता देवी के मुताबिक कांके थाना प्रभारी दवाब बना रहे थे कि मैं ये कहूं कि समरी लाल राजस्थान से आते हैं।

